रजिस्ट्री सं. डीएल—33001/2001 REGISTERED No. DL—33001/2001

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 28, 2001 (वैशाख 8, 1923)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 28, 2001 (VAISAKHA 8, 1923)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]
[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक
सहयोगी एवं अनुषंगी समूह
मुंबई, दिनांक 28 मार्च 2001

एसबीडी. क्र. 2/2001--भारतीय स्टेट बैंक (सहयोगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 63 की उप-धारा (1) के अंतर्गत दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक तथा संबद्ध सहयोगी बैंकों के निर्देशक-मंडल के अनुमोदन के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर/हैदराबाद/इन्दौर/मैसूर/पटियाला/सौराष्ट्र/त्रावणकोर के अधिकारी सेवा विनियमन के निम्नलिखित विनियमों में संशोधन अनुमोदित किया है:--

विनियम क्र. 4
ग्रेड तथा वेतनमान

(1) 1 दिसम्बर, 1990 से अधिकारियों की चार श्रेणियाँ होंगी, प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्दिष्ट वेतनमान इस प्रकार होगा:

(क) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी:

विशेष वेतनमान I	रु. 7150/- (नियत मूल वेतन)
वेतनमान VII	रु. 6400-150-7000
वेतनमान VI	रु. 5950-150-6550

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी:

वेतनमान V	रु. 5350-150-5950
वेतनमान IV	रु. 4520-130-4910-140-5050-150-5350

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी:

वेतनमान III	रु. 4020-120-4260-130-4910
वेतनमान II	रु. 3060-120-4260-130-4390

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी:

वेतनमान I	रु. 2100-120-4020

विनियम क्र. 4(2)

(2) 1-7-1993 से अधिकारियों की चार श्रेणियाँ होंगी, प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्दिष्ट वेतनमान इस प्रकार होगा:

(क) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी:

विशेष वेतनमान I	रु. 14400/- (नियत मूल वेतन) (मुख्य महाप्रबंधक)
वेतनमान VII	रु. 12650-300-13250-350-13600-400-14000
वेतनमान VI	रु. 11450-300-12650

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान V	रु. 10450-250-11450
वेतनमान IV	रु. 8970-230-9200-250-10450

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान III	रु. 8050-230-9200-250-9700
वेतनमान II	रु. 6210-230-8740

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान I	रु. 4250-230-4940-350-5290-230-8050

विनियम क्र. 4(3)

उप-विनियम (1) और (2) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए हर समय इन सभी श्रेणियों में अधिकारियों को पदस्थ रखना अपेक्षित है.

विनियम क्र. 5(1)

वेतनवृद्धियां :

विनियम 4(2) के उपबंधों के अध्यधीन, दिनांक 1.11.1992 को या उसके बाद से, वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उप-खण्डों के अध्यधीन प्रदान की जाएंगी :

(क) विनियम 4 में वर्णित वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन वार्षिक आधार पर उपचित होंगी और वे जिस महीने में देय हैं उस महीने की पहली तारीख को प्रदान की जाएंगी.

(ख) वेतनमान I तथा II के अधिकारियों को, अपने संबंधित वेतनमानों के अधिकतम वेतनमान पर पहुंचने के एक वर्ष के पश्चात, अगले उच्च वेतनमान में अवरुद्धता वेतनवृद्धि(यों) सहित आगे की वेतनवृद्धियां केवल नीचे (ग) में निर्दिष्ट किए गए के आधार पर सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएंगी बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार कर लें.

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान I तथा II के अधिकतम वेतनमान पर पहुंचने वाले अधिकारियों को, यथास्थिति, वेतनमान I तथा II के अंतिम बिन्दु पर पहुंचने के पश्चात् प्रत्येक 3 वर्षों की सेवा पूरी होने पर अवरुद्धता वेतनवृद्धि(यां) दी जाएगी/जाएंगी. वेतनमान II के अंतिम बिन्दु पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु. 230/- की अधिक से अधिक दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी तथा वेतनमान III के अंतिम बिन्दु पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु. 250/- की एक वेतनवृद्धि दी जाएगी.

परंतु 1.11.1994 और उसके बाद से, मूल वेतनमान III के अधिकारियों को अर्थात् जो वेतनमान III में भरती या पदोन्नत हुए हैं, दूसरी अवरुद्धता वेतनवृद्धि पहली वेतनवृद्धि पाने के तीन वर्ष पश्चात् दी जाएगी.

टिप्पणी :

अगले उच्चतर वेतनमान में की गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा. ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के पश्चात् भी अधिकारी को, यथास्थिति, उसके अपने मूल पद के वेतनमान I तथा II के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे.

विनियम क्र. 5(2)

नियुक्ति की तारीख को या उसके पश्चात् भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सीएआइआइबी) परीक्षा का प्रत्येक भाग उत्तीर्ण करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी.

स्पष्टीकरण I :

जिस अधिकारी ने नियत तारीख से पहले अधिकारी के रूप में भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सीएआइआइबी) परीक्षा का भाग I या भाग II उत्तीर्ण कर लिया हो, उसे नियत तारीख से, यथास्थिति, अतिरिक्त वेतनवृद्धि अथवा वेतनवृद्धियां दी जाएंगी बशर्ते कि उसने उक्त परीक्षा के दोनों भाग उत्तीर्ण करने पर कोई वेतनवृद्धि न ली हो अथवा केवल एक वेतनवृद्धि ली हो.

स्पष्टीकरण II :

(क) 1.11.1987 को तथा उसके बाद से वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना और आगे नहीं जा सकते, सरकारी दिशानिर्देशों के अधीन, यदि कोई हों, सीएआइआइबी परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप अतिरिक्त वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा :

जिन्होंने सीएआइआइबी का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है :

(i) एक वर्ष पश्चात् रु. 100/- प्रति माह जिसमें से रु. 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे.

जिन्होंने सीएआइआइबी के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं :

(i) एक वर्ष पश्चात् रु. 100/- प्रति माह जिसमें से रु. 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे.

(ii) दो वर्ष पश्चात् रु. 250/- प्रति माह जिसमें से रु. 200/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे.

(ख) 1.11.1994 को तथा उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भत्ते की मात्रा निम्नानुसार पुनरीक्षित की जाएगी :

जिन्होंने सीएआइआइबी का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है :

(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर एक वर्ष पश्चात् रु. 120/- प्रति माह.

जिन्होंने सीएआइआइबी दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं :

(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर एक वर्ष पश्चात् रु. 120/- प्रति माह.

(ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर दो वर्ष पश्चात् रु. 300/- प्रति माह.

परंतु विनियम 5(3)(ख) के अनुसार नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त करने के पात्र अधिकारी, यथास्थिति, क्रमशः भाग I या II के लिए व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने के एक/दो वर्ष पश्चात् प्राप्त कर सकेंगे.

टिप्पणी :

(i) यदि किसी ऐसे अधिकारी को जिसे व्यावसायिक अर्हता भत्ता मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय उसे वेतनमान में उपलब्ध वेतनवृद्धियों की सीमा तक, सीएआइआइबी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी और यदि वेतनमान में कोई भी वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं हैं अथवा केवल एक वेतनवृद्धि उपलब्ध है तो अधिकारी वेतनवृद्धि(यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने का पात्र होगा.

(ii) 1.11.1994 को तथा उसके बाद से परिशोधित व्यावसायिक अर्हता भत्ते को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा.

विनियम क्र. 5(3)

(क) जो अधिकारी 1.11.1993 को बैंक की स्थायी सेवा में हैं उन्हें वेतनमान में एक अग्रिम वेतनवृद्धि दी जाएगी. जो अधिकारी 1.11.1993 को परिवीक्षाधीन हैं उन्हें एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्थायीकरण के एक वर्ष पश्चात् दी जाएगी.

टिप्पणी :

अग्रिम वेतनवृद्धि के कारण वार्षिक वेतनवृद्धि की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं होगा.

(ख) जो अधिकारी वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच चुका है या जो 1.11.1993 को अवरोध वेतनवृद्धि(यां) प्राप्त कर चुका है वह 1.11.1993 से नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त कर सकेगा जो अंतिम आहरित वेतनवृद्धि और उस पर 1.11.1993 को देय महंगाई भत्ता, तथा विनियम 22 के अनुसार लागू दरों पर मकान किराया भत्ते की मात्रा के बराबर होगा. यहां नीचे दिया गया नियत वैयक्तिक भत्ता तथा साथ ही साथ महंगाई भत्ता, यदि कोई हो, संपूर्ण सेवा अवधि के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा.

वेतनवृद्धि का अंश	1.11.1993 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहां देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क)	(ख)	(ग)
230	5.79	236
250	6.30	257
300	7.56	308
400	10.08	411

टिप्पणी :

(i) ऊपर (ग) में निर्दिष्ट नियत वैयक्तिक भत्ता उन अधिकारियों को देय होगा जिन्हें बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है.

(ii) मकान किराया भत्ते के लिए पात्र अधिकारियों को नियत वैयक्तिक भत्ता, विनियम 4 के उप विनियम (2) में निर्दिष्टानुसार संबंधित वेतनमान की अंतिम वेतनवृद्धि प्राप्त कर लेने पर, (क) + (ख) + संबंद्ध अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आहरित मकान किराया भत्ता होगा.

(iii) नियत वैयक्तिक भत्ता पाने वाले वर्ष में देय व्यावसायिक अर्हता भत्ता, यदि कोई हो, अगले वर्ष दिया जाएगा.

(iv) नियत वैयक्तिक भत्ते का वृद्धिशील अंश अधिवर्षिता लाभ में गिना जाएगा.

(ग) जिस अधिकारी को यह अग्रिम वेतनवृद्धि मिल चुकी है, उसे ऊपर (ख) में उल्लिखित नियत वैयक्तिक भत्ते की प्रमात्रा, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष के पश्चात् प्राप्त होगी.

विनियम क्र. 12

विद्यमान अधिकारियों के लिए विकल्प

(1) इन विनियमों में निहित किसी बात पर ध्यान दिए बिना विद्यमान अधिकारी को नये वेतनमान में अपने फिटमेंट के संबंध में सूचना प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर बैंक को सूचित करके नियत तारीख के ठीक पूर्व उसे लागू वेतनमान में नियत तारीख के बाद भी बनाए रखने का विकल्प प्राप्त होगा.

बशर्ते कि ऐसा विकल्प विनियम 7 के अनुसार अनुरूपी नियत तारीख के तत्काल पूर्व उसकी पात्रता के अधीन वेतनमान से विनियम 4 में उल्लिखित उच्च वेतनमान में अधिकारी की पदोन्नति तक प्रभावी रहेगा.

(2) उप विनियम 3 में यथा उपबंधित को छोड़कर जहां विद्यमान अधिकारी ने अपने विकल्प का प्रयोग किया है, उसे नियत तारीख के तत्काल पूर्व बैंक की सेवा में उसकी पात्रता के अनुसार वेतन तथा भत्ते प्राप्त होते रहेंगे.

बशर्ते कि ऐसे अधिकारी को देय महंगाई भत्ता नियत तारीख के पूर्व देय तदर्थ राशि के साथ नियत तारीख के पूर्व लागू फार्मूले के अधीन देय होगा न कि नए वेतनमान में फिटमेंट के प्रयोजनार्थ लिए गए वैकल्पिक महंगाई भत्ते के अनुसार देय होगा.

बशर्ते पुनः कि किसी भी मामले में विद्यमान अधिकारी ऐसी पात्रता के अधीन अनुलाभ के लिए पात्र नहीं होगा बल्कि सिर्फ उन्हीं अनुलाभों के लिए पात्र होगा जो कि विनियमों के अधीन उसे देय है.

(3) ऐसे किसी भी अधिकारी को 1 फरवरी 1984 को तथा इस तारीख से इन विनियमों के अधीन यथा लागू वेतन तथा भत्ते के विकल्प की अनुमति दी जाएगी जिसमें उप विनियम 1 में निर्दिष्ट विकल्प का प्रयोग किया है तथा उप विनियम 2 के निबंधनों के अनुसार तत्काल पूर्व बैंक की सेवा में अपनी पात्रता के अनुसार वेतन तथा भत्ते प्राप्त करता रहता है. ऐसे विकल्प का प्रयोग करने पर उसे नियत तारीख को नए वेतनमान में वैकल्पिक रूप से फिट किया जाएगा तथा इन विनियमों के निबंधनों में 31 जनवरी 1984 तक उसे प्राप्त वेतनवृद्धियों को मंजूर करने के बाद उसे इस संबंध में जारी स्टेट बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार 1 फरवरी 1984 को विनियम 4(1) में विनिर्दिष्ट वेतनमान में फिट किया जाएगा.

बशर्ते कि यदि उपयुक्त रूप में फिटमेंट के बाद अधिकारी को इन विनियमों के अधीन देय वेतन तथा भत्तों के कुल योग से कम है तो अंतर उसे वैयक्तिक भत्ते के रूप में अदा किया जाएगा जिसे वेतन में वृद्धि के 33 1/3% की मात्रा तक या ऐसी वेतनवृद्धि के फलस्वरूप, जो भी कम हो, भावी वेतनवृद्धि के फलस्वरूप, जो भी कम हो, भावी वेतनवृद्धियों में समायोजित किया जाएगा.

(4) कोई भी अधिकारी -

(क) जिसने उप-विनियमन (1) में संदर्भित विकल्प का प्रयोग किया था; और

(ख) जो नियुक्ति की तिथि से तुरंत पहले उसके लिए लागू वेतन और भत्तों को फरवरी 1984 के प्रथम दिवस के बाद भी आहरित कर रहा हो; और

(ग) जो अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को या उसके बाद बैंक की नियमित सेवा में रहता हो.

उसे इन विनियमनों के अंतर्गत अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और इस दिन से लागू वेतनमान और भत्ता चुनने की अनुमति दी जा सकती है. ऐसे विकल्प का प्रयोग करने पर, उसके वेतनमान को इस विधि से निर्धारित किया जाएगा कि विनियमन 4(2) में निर्धारित वेतनमान और दिनांक 1.4.97 को उस वेतनमान पर संदेय महंगाई भत्ता उप विनियमन (2) के अनुसार दिनांक 31.3.97 को आहरित किये जा रहे उसके विद्यमान वेतन के निकटतम रहे.

<u>विनियम क्र. 21(1)</u>
<u>महंगाई भत्ता</u>

1.11.1987 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना इस प्रकार होगी -

(i) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960 = 100 की तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा.

(ii) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(i) रु. 2,500/- तक "वेतन" का 0.67%, धन [+],

(ii) रु. 2,500/- से ऊपर परंतु रु. 4,000/- तक "वेतन" का 0.55%, धन [+],

(iii) रु. 4,000/- से ऊपर परंतु रु. 4,260/- तक "वेतन" का 0.33%, धन [+],

(iv) रु. 4,260/- से ऊपर "वेतन" का 0.17%.

विनियम क्र. 21(2)

1.7.1993 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा -

(i) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960 = 100 की तिमाही औसत में 1148 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा.

(ii) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(i) रु. 4,800/- तक "वेतन" का 0.35%, धन [+],

(ii) रु. 4,800/- से ऊपर परंतु रु. 7,700/- तक "वेतन" का 0.29%, धन [+],

(iii) रु. 7,700/- से ऊपर परंतु रु. 8,200/- तक "वेतन" का 0.17%, धन [+],

(iv) रु. 8,200/- से ऊपर "वेतन" का 0.09%.

टिप्पणी :

(i) महंगाई भत्ते के प्रयोजन हेतु वेतन से मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं.

(ii) महंगाई भत्ते के लिए व्यावसायिक अर्हता भत्ते को 1.11.1994 से गिना जाएगा.

विनियम क्र. 22

मकान किराया भत्ता :

1) 1.11.1994 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है तो वह जिस वेतनमान में है उसके प्रथम चरण में मूल वेतन के 4% के बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, इनमें से जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा.

2) 1.11.1992 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा मकान उपलब्ध नहीं कराया गया है तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :

	स्तंभ I	स्तंभ II
	कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(i)	सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख "ए" वर्ग के नगर तथा समूह "ए" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 13% प्रतिमाह
(ii)	क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह "बी" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12% प्रतिमाह
(iii)	क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (i) और (ii) के अंतर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10 1/2% प्रतिमाह
(iv)	क्षेत्र III	वेतन का 9 1/2% प्रतिमाह

परंतु यदि कोई अधिकारी किराये की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम चरण के 4% से अधिक, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या अधिक स्तंभ II के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का 150%, जो भी कम हो, होगा.

टिप्पणी :

(i) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु वेतन से मूल वेतन तथा 1.7.1993 को परिशोधित वेतनमान के अनुसार अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं.

(ii) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु व्यावसायिक अर्हता भत्ते को 1.11.1994 से प्रभावी माना जाएगा.

विनियम सं. 23

अन्य भत्ते

अधिकारी निम्नलिखित अन्य भत्तों के लिए पात्र होंगे अर्थात :

नगर प्रतिकर भत्ता :

(i) 1.11.1993 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी निम्नलिखित सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान में कार्यरत हो तो उस स्थान के सामने स्तंभ 2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिकर भत्ता पाने का हकदार होगा.

	स्थान	दर
क)	क्षेत्र I के स्थान और गोवा राज्य	मूल वेतन का 4 1/2% अधिकतम रु. 335/- प्रतिमाह
ख)	5 लाख तथा उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्ट ब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते.	मूल वेतन का 3 1/2%, बशर्ते अधिकतम रु.230/- प्रतिमाह.

(iii) यदि वह समूह क या समूह ख के अंतर्गत आने वाले परियोजना क्षेत्र के रूप में निर्दिष्ट क्षेत्र में कार्यरत है रु. 40/- प्रतिमाह या रु. 25/- प्रतिमाह की दर पर परियोजना क्षेत्र प्रतिकर भत्ता जो समूह क या समूह ख के रूप में वर्गीकृत क्षेत्र के अनुसार हो.

बशर्ते कि अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और से, उप विनियमन के प्रावधानों का यह प्रभाव होगा कि "40/- रुपये प्रतिमाह या 25/- रुपये प्रति माह" अक्षर, अंक और शब्दों के स्थान पर क्रमशः "125/- रुपये प्रतिमाह या 100/- रुपये प्रति माह अक्षर, अंक और शब्द प्रतिस्थापित हो गए थे.

(iv) यदि किसी अधिकारी को शैक्षिक वर्ष के मध्य में एक स्थान से दूसरे स्थान में 1.1.1987 को तथा इस दिनांक से स्थानांतरित किया गया है तथा यदि उसके एक या अधिक बच्चे पहले स्थान में स्कूल या कालेज में अध्ययनरत हैं, दूसरे स्थान पर उसके रिपोर्ट करने की तारीख से शैक्षिक वर्ष के अंत तक सभी व्यक्तियों के संबंध में रु. 150/- प्रतिमाह का मध्य शैक्षिक वर्ष स्थानांतरण भत्ता, बशर्ते कि ऐसा भत्ता उस समय मिलना बंद हो जाएगा जब सभी बच्चे पहले स्थान में अध्ययन करना बंद कर देते हैं.

बशर्ते कि अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और इस दिन से, उप विनियमन के प्रावधानों का यह प्रभाव होगा कि "150/- रुपये प्रतिमाह", अक्षर, अंक और शब्दों के स्थान पर "300/- रुपये प्रति माह", अक्षर, अंक और शब्द प्रतिस्थापित हो गए थे.

(v) 1.11.1987 को तथा से यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह अपनी प्रतिनियुक्ति के पद से जुड़ी परिलब्धियाँ प्राप्त करने का विकल्प चुन सकता है. इस प्रकार वह अपने वेतन के अलावा वेतन का 12%, अधिकतम रु.700/- तक, प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते प्राप्त कर सकता है जो वह उस स्थान पर बैंक की सेवा में नियुक्त होने पर पाता.

बशर्ते कि जहां उसे ऐसे संगठन में प्रतिनियुक्त किया गया है जो उसी स्थान पर स्थित है जहां उसे उसकी प्रतिनियुक्ति के ठीक पहले तैनात किया गया था, उसे अपने वेतन के 6% के बराबर प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त होगा, जो अधिकतम रु.350/- होगा.

बशर्ते पुनः कि बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में संकाय सदस्य के रूप में प्रतिनियुक्त या बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड में प्रतिनियुक्त अधिकारी अपने वेतन का 6% प्रतिनियुक्ति भत्ता पाने का हकदार होगा, जिसकी अधिकतम राशि रु. 350/- होगी.

बशर्ते कि अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और इस दिन से, इस उप-विनियमन के प्रावधानों का यह प्रभाव होगा कि -

क) "700/- रुपये," अक्षर और अंकों के स्थान पर "1000/- रुपये" अक्षर और अंक प्रतिस्थापित हो गए थे;

ख) प्रथम और द्वितीय उपबंध में दोनों स्थानों पर आने वाले "350/- रुपये", अक्षर और अंकों के स्थान पर क्रमशः "500/- रुपये", अक्षर और अंक प्रतिस्थापित हो गए थे.

(vii) वित्तीय वर्ष 1989-90 को तथा से यदि उसे ऐसी शाखा में तैनात किया जाता है जहां लेखाबंदियां 31 मार्च तथा 30 सितंबर को होती हैं, तो हरेक लेखाबंदी के लिए रु. 150/ का लेखाबंदी भत्ता दोनों लेखाबंदी के लिए दिया जाता है.

बशर्ते कि वित्तीय वर्ष 1997-98 को और से, इस उप-विनियमन के प्रावधानों का यह प्रभाव होगा कि "150/- रुपये," अक्षर और अंकों के स्थान पर "250/- रुपये", अक्षर और अंक प्रतिस्थापित हो गए थे.

(viii) यदि दिन के दौरान अधिकारी के कार्य घंटे न्यूनतम दो घंटों के अंतराल के साथ विभक्त किए जाते हैं तो रु. 35/- का प्र.मा. विभक्त कार्य भत्ता देय होगा.

बशर्ते कि अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और इस दिन से, इस उप-विनियमन के प्रावधानों का यह प्रभाव होगा कि "35/- रुपये प्रति माह", अक्षर और अंकों के स्थान पर "70/- रुपये प्रति माह", अक्षर, शब्द और अंक प्रतिस्थापित हो गए थे.

विनियम क्र. 24

चिकित्सा सहायता :

(1) अधिकारी अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात् :-

(क) **चिकित्सा व्यय**

1.11.1994 को और उसके बाद से अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट श्रेणी तथा स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी. इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :

सारणी

श्रेणी	वार्षिक
1	2
कनिष्ठ प्रबंधन तथा मध्य प्रबंधन श्रेणी	रु. 1,500/-
वरिष्ठ प्रबंधन तथा शीर्ष कार्यपालक श्रेणी	रु. 2,000/-

टिप्पणी :

(i) उपयोग में न लाई गई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है परंतु संचित राशि किसी भी समय उल्लिखित अधिकतम राशि के तीन गुने से अधिक नहीं होगी.

(ii) चिकित्सा सहायता योजना के अधीन वर्ष 1994 के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति महीने, अर्थात् नवम्बर और दिसम्बर, 1994 के लिए यथानुपात बढ़ाई जाएगी.

स्पष्टीकरण :

इस विनियम के प्रयोजन के लिए अधिकारी के "परिवार" में उसका पति/उसकी पत्नी, पूर्णतः आश्रित संतान और पूर्णतः आश्रित माता-पिता ही शामिल होंगे.

(ख) अस्पताल में भर्ती खर्च :

(i) 1.11.1994 को और उसके बाद से, अस्पताल में भर्ती होने पर अधिकारी के मामले में 100% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 75% तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी. सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन बिलों, वाउचरों आदि के आधार पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी.

(ii) अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों से, यथास्थिति, यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी सरकारी या नगरपालिका अस्पताल में या किसी निजी अस्पताल अर्थात् किसी न्यास, धर्मार्थ संस्थान या धार्मिक मिशन के प्रबंधन के अधीन आने वाले अस्पतालों में भर्ती हों, किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकारीगण या उनके परिवार के सदस्य अथवा दोनों किसी अनुमोदित निजी नर्सिंग होम या बैंक द्वारा अनुमोदित निजी अस्पतालों में भर्ती हो सकते हैं किन्तु ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति ऊपर वर्णित अस्पतालों में भर्ती पर प्रतिपूर्ति-योग्य राशि तक सीमित रहेगी.

(iii) 1.11.1994 को या उसके बाद से, मान्यताप्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित रोगों के चिकित्सा खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती खर्च माना जाएगा और उससे संबंधित चिकित्सा खर्चों की अधिकारी के मामले में 100% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 75% तक प्रतिपूर्ति की जाएगी :

कैंसर, श्वेतरक्तता, थैलसामिया, तपेदिक, पक्षाघात, हृदयरोग, कुष्ठरोग, गुर्दे की खराबी, मिरगी, पार्किन्सन की बीमारियां, मनोविकार दोष और मधुमेह.

टिप्पणी :

यरेलू उपचार के मामले में दवाओं आदि की लागत की प्रतिपूर्ति चिकित्सक के नुस्खे में उल्लिखित अवधि के लिए की जाएगी. यदि अवधि का उल्लेख नहीं किया गया है तो प्रतिपूर्ति के प्रयोजन हेतु नुस्खा 90 दिनों तक वैध होगा.

(2) उक्त उप-विनियम (i) में उल्लिखित चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) के होते हुए भी और उनका पूर्णतया प्रतिस्थापन करते हुए, नियत तारीख को जो चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) बैंक में उपलब्ध थे, निदेशक-मण्डल उनमें कोई परिवर्तन किए बिना, उन्हें बनाए रखने का विनिश्चय कर सकता है और यदि निदेशक-मण्डल ऐसा तय करता है तो सभी अधिकारी चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) के लिए नियत तारीख को बैंक में लागू निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार ही चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे.

(3) चिकित्सा सहायता और अस्पताल में भर्ती की सुविधाएं निलंबित अधिकारियों को भी दी जाएंगी.

विनियम क्र. 25

आवासीय व्यवस्था

अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराये जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा. किन्तु, यदि बैंक चाहे तो वह अधिकारी को आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए अधिकारी 1.11.1994 को और उसके बाद से अपने वेतनमान के प्रथम चरण के 4% के बराबर राशि या आवास के लिए मानक किराये का, जो भी कम हो, भुगतान करेगा.

परंतु यदि ऐसे आवास पर फर्नीचर भी उपलब्ध कराया गया हो तो अधिकारी से उसके वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 1% के बराबर अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी.

यदि बैंक द्वारा ऐसी आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है तो बिजली, पानी, गैस और सफाई प्रभार अधिकारी द्वारा दिए जाएंगे.

विनियम क्र. 32

आकस्मिक अवकाश

(2) किसी वर्ष में उपयोग न किए गए आकस्मिक अवकाश को आगामी वर्ष में बीमारी के पहले या बाद में जोड़ा जा सकता है.

बशर्ते कि वर्ष 1997 में या उसके उत्तरवर्ती वर्ष में उपयोग न किये गये आकस्मिक अवकाश को अगले तीन वर्षों में रुग्ण अवकाश के साथ अनुलग्न या संलग्न किया जा सकता है.

विनियम क्र. 41

(4) 1.6.1995 को और उसके बाद से, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में वर्णित श्रेणी/वेतनमान का अधिकारी स्तंभ 2 में वर्णित तदनुरूपी दरों से विराम भत्ता पाने का हकदार होगा :

दैनिक भत्ता (रुपये)

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	प्रमुख "ए" वर्ग के नगर	क्षेत्र I	अन्य स्थान
वेतनमान IV और उससे ऊपर के अधिकारी	250.00	200.00	175.00
वेतनमान I/II/III के अधिकारी	200.00	175.00	150.00

परंतु

(क) यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घंटे से कम किंतु 4 घंटे से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता देय होगा.

विभिन्न श्रेणियों/वेतनमानों के अधिकारियों को होटल के वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जा सकती है जो नीचे बताई गई सीमा तक भारतीय पर्यटन विकास निगम (आइ टी डी सी) के होटलों में एकल आवास कमरे के प्रभारों तक सीमित होगी :

खान-पान खर्च (रुपये)

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	ठहरने की पात्रता	प्रमुख "ए" वर्ग के नगर	शेष I	अन्य स्थान
1	2	3	4	5
वेतनमान VI और VII	4* होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान IV और V	3* होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान II और III	2* होटल (गैरवातानुकूलित)	200.00	175.00	150.00
वेतनमान I	1* होटल (गैरवातानुकूलित)	200.00	175.00	150.00

(ग) सरकार/भारतीय स्टेट बैंक के विशानिर्देशों के अनुसार ऊपर परंतुक (ख) में निर्धारित सीमाओं से अधिक अतिरिक्त सीमा की प्रतिपूर्ति बोर्ड निर्धारित कर सकता है.

(घ) यदि आवासीय व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक द्वारा की गयी है तो तीन चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा.

(ङ) यदि भोजन की व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक द्वारा निःशुल्क की गई है तो आधा विराम भत्ता दिया जाएगा.

(च) यदि आवास और भोजन की व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक द्वारा की गई है तो एक चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा. लेकिन, यदि कोई अधिकारी वास्तविक रूप में हुए खर्च के संबंध में बिल प्रस्तुत किए बिना, घोषणा के आधार पर आवास खर्च का दावा करता है तो उसे एक चौथाई विराम भत्ता नहीं दिया जाएगा.

(छ) सभी निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को मुख्यालय से बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर विराम के प्रतिदिन के लिए रु. 10/- का अनुपूरक दैनिक भत्ता दिया जा सकता है.

स्पष्टीकरण :

विराम भत्ते की संगणना के लिए "प्रतिदिन" का अभिप्राय है 24 घंटे की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना विमान यात्रा के मामले में प्रस्थान के लिए नियत समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जाएगी. यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घंटे से कम है तो "प्रतिदिन" से ऐसी अवधि अभिप्रेत है जो 8 घंटे से कम न हो.

विनियम क्र. 45(2)(i)

दिनांक 1.7.1993 को और से परंतु 1.4.1997 से पहले किसी अधिकारी का स्थानांतरण होने पर उसे मालगाड़ी द्वारा अपना सामान ले जाने के लिए निम्नलिखित सीमाओं तक खर्चे की प्रतिपूर्ति की जाएगी :-

वेतनमान श्रेणी	यदि वह अपना परिवार साथ में रखता हो	यदि वह अपना परिवार साथ में नहीं रखता हो
रु. 4250/- प्रति माह से रु.6210/- प्रति माह	3000 किलो	1000 किलो
रु. 6211/- प्रति माह और उससे अधिक	पूरा वैगन	2000 किलो

विनियम क्र. 45(2)(i)(क)

अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और इस दिन से किसी अधिकारी का स्थानांतरण होने पर उसे माल गाड़ी द्वारा अपना सामान ले जाने के लिए निम्नलिखित सीमाओं तक खर्चे की प्रतिपूर्ति की जाएगी :-

वेतनमान श्रेणी	यदि वह अपना परिवार साथ में रखता हो	यदि वह अपना परिवार साथ में नहीं रखता हो
रु. 4250/- प्रति माह से रु.6210/- प्रति माह	3000 किलो	1500 किलो
रु. 6211/- प्रति माह और उससे अधिक	पूरा वैगन	2500 किलो

विनियम क्र. 45(3)

दिनांक 1 जनवरी 1987 को और से परंतु 1.4.97 से पहले, किसी अधिकारी का स्थानांतरण होने पर वह पैकिंग, स्थानीय माल ढुलाई, सामान का बीमा करवाने आदि से संबंधित खर्चों के लिए नीचे उल्लेख की गई राशि के अनुसार एकमुश्त राशि प्राप्त करने के लिए पात्र होगा :-

वेतनमान श्रेणी	एकमुश्त राशि
शीर्ष प्रबंधन एवं वरिष्ठ प्रबंधन	रु. 1500/-
मध्यक्रम प्रबंधन एवं कनिष्ठ प्रबंधन	रु. 1,000/-

विनियम क्र. 45(3)(क)

अप्रैल 1997 के प्रथम दिवस को और इस दिन से, किसी अधिकारी का स्थानांतरण होने पर वह पैकिंग, स्थानीय माल ढुलाई, सामान का बीमा करवाने आदि से संबंधित खर्चों के लिए नीचे उल्लेख की गई राशि के अनुसार एकमुश्त राशि आहरित करने के लिए पात्र होगा :-

वेतनमान श्रेणी	एकमुश्त राशि
शीर्ष प्रबंधन एवं वरिष्ठ प्रबंधन	रु. 5,000/-
मध्यक्रम प्रबंधन एवं कनिष्ठ प्रबंधन	रु. 4,000/-

विनियम क्र. 48
भविष्य निधि और पेंशन :

1) प्रत्येक अधिकारी, यदि वह पहले ही भविष्य निधि का सदस्य नहीं है तो बैंक द्वारा गठित भविष्य निधि का सदस्य बनेगा तथा वह ऐसी निधि को शासित करने वाले नियमों द्वारा आबद्ध होने के लिए सहमत होगा.

2) भविष्य निधि नियमों में यह व्यवस्था है कि 1.11.1993 को और उससे बाद से-

क) पेंशन योजना द्वारा शासित अधिकारी के मामले में केवल अधिकारी द्वारा वेतन के 10% की दर से भविष्य निधि में अंशदान, बैंक की ओर से किसी समतुल्य अंशदान के बिना, किया जाएगा.

परंतु 1.7.1993 से 31.10.1993 के लिए भविष्य निधि में पहले ही किए गए अंशदानों के कारण कोई समायोजन नहीं किया जाएगा.

ख) पेंशन योजना द्वारा शासित अधिकारी के मामले में, अधिकारी द्वारा भविष्य निधि में अंशदान और बैंक द्वारा समतुल्य अंशदान वेतन के 10% की दर से किया जाएगा.

परंतु 1.7.1993 से 31.10.1993 के लिए भविष्य निधि में पहले ही किए गए अंशदानों के कारण कोई समायोजन नहीं किया जाएगा.

3) 29.9.1995 को या उसके बाद बैंक की सेवा में आने वाले अधिकारी पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे.

तथापि, निम्नलिखित श्रेणी के अधिकारी पेंशन योजना द्वारा शासित नहीं होंगे :

क) जो अधिकारी 29.9.1995 के पूर्व बैंक की सेवा में था, बशर्ते कि उसने पेंशन योजना के संबंध में बैंक की नोटिस के जवाब में पेंशन योजना का सदस्य होने का विकल्प विशेष रूप से चुन लिया हो.

ख) जो अधिकारी 29.9.1995 को या उसके बाद 35 वर्ष या उससे अधिक की आयु में भरती हुआ है, और जिसने पेंशन योजना के अनुसार पेंशन का अपना अधिकार छोड़ देना चुना है.

<u>टिप्पणी :</u>

भविष्य निधि के प्रयोजन हेतु "वेतन" का अर्थ है मूल वेतन, जिसमें अवरुद्धता वेतनवृद्धियां, स्थानापन्न भत्ता, व्यावसायिक अर्हता भत्ता और नियत वैयक्तिक भत्ते का वेतनवृद्धि घटक शामिल है.

<u>विनियम क्र. 49</u>

<u>उपदान :</u>

(1) प्रत्येक अधिकारी, निम्नलिखित स्थितियों में उपदान के लिए पात्र होगा :

(क) सेवा-निवृत्ति की स्थिति में;

(ख) मृत्यु की स्थिति में;

(ग) ऐसी निःशक्तता पर जिसके कारण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी के प्रमाण-पत्र के अनुसार वह आगे सेवा के लिए अक्षम है;

(घ) दस वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने के बाद त्याग-पत्र देने पर; या

(ङ) दस वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद दण्डस्वरूप सेवा-समाप्ति को छोड़कर अन्य किसी कारण से सेवा समाप्ति-पर.

(2) अधिकारी को देय उपदान की राशि प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक माह का वेतन होगा, जो अधिक से अधिक 15 माह का वेतन हो सकता है.

परंतु यदि किसी अधिकारी ने 30 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी की है तो वह उपदान के रूप में 30 वर्ष से अधिक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए आधे माह के वेतन की दर से अतिरिक्त राशि का पात्र होगा.

परंतु यह कि जिस अधिकारी की सेवाएं 1.7.1993 से 31.10.1994 के दौरान समाप्त हो गयी हैं उसके उपदान के प्रयोजन हेतु वेतन से तात्पर्य, विनियम 4 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित किए गए वेतनमान से है.

टिप्पणी :

यदि सेवाकाल के पूर्ण वर्षों के अतिरिक्त छह महीने या उससे अधिक की कोई अवधि बचती है तो उस अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर उपदान दिया जाएगा.

केन्द्रीय बोर्ड के आदेशानुसार

डी पी रॉय

(डी.पी. रॉय)
उप प्रबंध निदेशक एवं समूह कार्यपालक
(सहयोगी एवं अनुषंगी समूह)

सेंट्रल बैंक
ऑफ इंडिया

दिनांक : 28.02.01

सं. केबका/का/विधि/वि-3580/एसएके/2000-01/ बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक मण्डल भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976 में संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, नामतः

1. (i) इन विनियमों को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (आचरण) संशोधन विनियम,2001 कहा जा सकेगा.

(ii) ये विनियम राजपत्र के प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होंगे.

2. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियम, 1976 में :

(i) विनियम 3 के उप नियम (1) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, नामतः

"प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी बैंक के हितों को सुनिश्चित करने एवं उनकी रक्षा करने के लिए सदैव सभी संभव उपाय करेगा तथा अपना कार्य पूरी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्ठा एवं तत्परता से करेगा तथा ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जो एक अधिकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय हो."

(ii) विनियम 3 के उप नियम (3) के बाद निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा, नामतः :

"बशर्ते कि, जहाँ ऐसे निदेश मौखिक रुप से दिए जाएं, इन निदेशों की पुष्टि उसके वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिखित रुप में की जाएगी."

(iii) विनियम 6 के उप-विनियम (i) में विद्यमान उपबंध के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामत :

"किन्तु ऐसी मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक या धर्मार्थ, अवैतनिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक कार्य या साहित्य, कला, वैज्ञानिक, व्यावसायिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, धार्मिक या सामाजिक प्रकार के प्रासंगिक कार्य कर सकता है, बशर्ते कि उससे उसकी कार्यालय ड्यूटियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े. लेकिन यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसके लिए कारण बताते हुए ऐसा न किए जाने का अनुदेश दिया जाता है तो वह ऐसा कार्य नहीं करेगा या जारी नहीं रखेगा."

(iv) विनियम 6 के उप नियम (4) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामत :

"(4) सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना कोई अधिकारी कर्मचारी किसी सार्वजनिक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए अपने द्वारा किए किए किसी कार्य के लिए शुल्क, पारिश्रमिक, मानदेय एवं ऐसे किसी रूप में नकद अथवा इस प्रकार का कोई भुगतान स्वीकार नहीं करेगा."

श्री एस.के.गुप्ता
महाप्रबंधक - कार्मिक
केन्द्रीय कार्यालय

<u>पाद कथन (फुट नोट)</u>

उपरोक्त विनियम में पहले किए गए संशोधन नीचे दिए गए ब्यौरे के अनुसार राजपत्रित किए गए हैं :

<u>अधिसूचना संख्या :</u>

1. जीएसआर संख्या 46, दिनांक 11 नवम्बर, 2000
2. जीएसआर संख्या 51, दिनांक 16 नवम्बर, 2000

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005

दिनांक - 24 मार्च 2001

क्र॰पपक्स1/कार्मिक/डीएम/2001/ बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 12 के उप-विनियम 2 के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से, बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 में पुनः संशोधन हेतु, एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :

01॰ संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :

1॰ ये विनियम बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) (संशोधन) विनियम 2001 कहलाएंगे ।

2॰ ये सरकारी राजपत्रमें इनके प्रकाशन के दिनांक से लागू होंगे ।

02॰ बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 के विनियम 6 के अंतर्गत उप-विनियम (2) के जगह निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाए।

जब कभी अनुशासनिक प्राधिकारी की राय हो कि किसी अधिकारी कर्मचारी के खिलाफ दुराचरण या कदाचार के किसी अभ्यारोपण की सत्यता की जाँच करने के लिए आधार है, तो वह स्वयं उसकी सत्यता की जांच कर सकेगा या किसी अन्य व्यक्ति, जो लोक सेवक है, या रहा हो (जिसे इसमें इसके पश्चात जांच प्राधिकारी कहा गया है) को उसकी सत्यता की जांच करने के लिए नियुक्त कर सकेगा ।

नोट - बैंक ऑफ महाराष्ट्र अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम, 1976 के पूर्व संशोधन भारत के राजपत्र की धारा 4, भाग ।।। में प्रकाशित हुए थे, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है -

क्र॰सं॰	अधिसूचना क्रमांक	दिनांक

उपमहाप्रबंधक
कार्मिक

स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ ।

ज्ञापन सं0 ई 3/एन॰ एफ/2001/पी॰ जी॰ आई॰/4990 दिनांक 30.3.2001

सा॰ का॰ नि॰ –. स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ अधिनियम, 1966 (1966 का 51) की धारा 32 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ केन्द्र सरकार के पिछले अनुमोदन के साथ, एतद्द्वारा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ विनियम 1967 में संशोधन कर पुनः निम्नलिखित विनियम बनाती है, नामतः :–

1. (1) इन विनियमों का नाम स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ (संशोधित) विनियम 2001 है ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे ।

2. स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ विनियम 1967 के विनियम 11 में मद संख्या (8) के बाद निम्नअनुसार प्रतिस्थापित किए जाएंगे, नामतः :–

"(8*) मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार"

संस्थान के प्राधिकार द्वारा
एस॰ के॰ शर्मा।
(एस॰ के॰ शर्मा)
निदेशक

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
मुंबई

यूटी/डीबीडीएम/आर- 65 /एसपीडी - 53/20002001 19 मार्च, 2001

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत निर्मित धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास और पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना (सीआरटीएस), 1981 का पेशकश दस्तावेज, जिसमें 15 दिसंबर, 1999 को संपन्न कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदित सेबी विनियमावली के अनुसार संशोधन का समावेश किया गया और 21 नवंबर, 2000 को संपन्न कार्यकारी समिति की बैठक में रिपोर्ट किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

एस डी कोल्हापूरे
उप महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास और पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना(सीआरटीएस), 1981

पेशकश (ऑफर) दस्तावेज

धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास एवं पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना(सीआरटीएस), 1981 भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अंतर्गत यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई है। यह पेशकश दस्तावेज योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करता है जो भावी निवेशक निवेश करने से पहले जानना चाहेंगे। पेशकश दस्तावेज भविष्य के संदर्भ हेतु रख लिया जाना चाहिए।

पेशकश दस्तावेज में दिए गए सांविधिक प्रावधानों और लाभ के विवरण सर्वांगपूर्ण और किसी विशिष्ट निवेशक विनिर्दिष्ट न होते हुए सामान्य तथा सांकेतिक हैं ।

योजना के विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 यथा संशोधित, के अनुसार तैयार किए गए हैं एवं सेबी में जमा कराए गए हैं। जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किए गए यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किए गए हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की शुद्धता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

योजना का उद्देश्य

यह एक सतत खुली आय उन्मुख योजना है। योजना का उद्देश्य धर्मार्थ, धर्मादा, शैक्षणिक न्यासों और ऐसे संस्थानों की निवेश संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करना है ताकि उन्हें कर छूट मिलने तथा नियमित आय प्रदान करने हेतु निवेश माध्यम उपलब्ध हो सके ।

विशिष्टताएं

1. यह एक सतत खुली आय उन्मुख योजना है ।
2. धर्मादा प्रयोजनों के लिए राज्य या केन्द्रीय अधिनियम द्वारा नियंत्रित या उनके अंतर्गत स्थापित धर्मार्थ न्यास/धार्मिक न्यास/शैक्षणिक न्यास/विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/गैर लाभकारी कंपनियाँ /पंजीकृत समितियाँ/अन्य किसी भी निकाय के लिए खुली है ।
3. एक यूनिट का अंकित मूल्य रु.100/-है ।
4. न्यूनतम निवेश रु. 10,000/- है । उसके बाद प्रत्येक फोलियो के अंतर्गत न्यूनतम निवेश राशि रु. 1,000/- होगी या ऐसी राशि होगी जो समय समय पर यूटीआई द्वारा निर्धारित की जाए।
5. वर्तमान में यूनिटों की बिक्री साप्ताहिक आधार पर घोषित एनएवी पर की जाएगी ।
6. निवेश की स्वीकृति तिथि से पहले, दूसरे तथा तीसरे वर्ष के भीतर की जाने वाली पुनर्खरीद क्रमशः एनएवी के 97%,98% तथा 99% से कम मूल्य पर नहीं होगी । वर्तमान में, तीसरे वर्ष के बाद की जाने वाली पुनर्खरीद एनएवी पर होगी। सदस्यों को आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति होगी बशर्ते फोलियो में रु. 10,000/- का न्यूनतम शेष रखा गया हो ।
7. आय वितरण का एनएवी/एनएवी आधारित मूल्य पर पुनर्निवेश करने का विकल्प।
8. यूनिटें, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(2)(ख) के अंतर्गत स्वीकृत प्रतिभूतियाँ हैं । अतः यूनिटों में निवेश करने वाले पात्र न्यास आयकर अधिनियम,1961 की धारा 11 एवं 13 के अंतर्गत आय तथा पूंजी के मामले में कर छूट के लिए पात्र हैं ।
9. यूनिटें, भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के अंतर्गत न्यासी प्रतिभूतियों में से एक हैं तथा कथित अधिनियम की धारा 2(ईई) के अंतर्गत आती हैं।
10. वर्तमान में सभी वर्गों के निवेशकों को प्राप्त होने वाला आय वितरण, यदि कोई हो, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(33) के अंतर्गत पूरी तरह कर मुक्त है।
11. वर्तमान कर कानूनों के अंतर्गत योजना में किए गए निवेश के संबंध में ट्रस्ट द्वारा वितरित आय पर स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी चाहे निवेशक को प्राप्त होने वाली आय कितनी भी क्यों न हो।
12. वित्त अधिनियम 2000 के अनुसार, दिनांक 01/06/2000 के बाद आय वितरण की राशि पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 115आर के अंतर्गत योजना के लिए, 20% की दर से आय वितरण कर और उस पर 10% अधिभार का भुगतान करना आवश्यक है।

II. नियत तत्परता प्रमाणपत्र

धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास एवं पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना(सीआरटीएस), 1981 हेतु सेबी को प्रस्तुत किया गया नियत तत्परता प्रमाणपत्र

इस बात की पुष्टि की जाती है कि :

I. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को भेजा गया पेशकश दस्तावेज का मसौदा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 एवं समय-समय पर सेबी द्वारा जारी विशामिर्देशों एवं निर्देशों के अनुसार है ;

II. इस योजना के प्रारंभ किए जाने से संबंधित सभी विधिक आवश्यकताएं एवं साथ ही इस संबंध में सरकार या अन्य किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए विशानिर्देश, अनुदेश आदि का विधिवत् अनुपालन किया गया है ;

III. पेशकश दस्तावेज में किए गए प्रकटीकरण सत्य, उचित एवं प्रस्तावित योजना में निवेश के लिए निवेशकों को सोच समझकर निर्णय लेने में सहायता देने के लिए पर्याप्त हैं ;

IV. पेशकश दस्तावेज में उल्लिखित सभी बिचौलिए सेबी के साथ पंजीकृत हैं और आज की तिथि के अनुसार ऐसा पंजीकरण वैध है।

दिनांक : 17.01.2000
स्थान : मुंबई

हस्ताक्षर

ह/-
अजीत प्रसाद
अनुपालन अधिकारी

मुहर के साथ

III. परिभाषाएं

इस योजना व इसके अंतर्गत बनाए गए प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :

1) आवेदक द्वारा ट्रस्ट को बिक्री या पुनर्खरीद हेतु जमा कराए गए आवेदन पत्रों के संदर्भ में "स्वीकृति तिथि" अथवा "स्वीकृति की तिथि" का तात्पर्य उस दिन से है जिस दिन ट्रस्ट यह संतुष्टि कर ले कि उक्त आवेदन पत्र हर दृष्टि से पूर्ण है व उसे स्वीकार ले। योजना का एनएवी साप्ताहिक आधार पर होने पर , फ्रेंचाइज कार्यालय/मुख्य प्रतिनिधि संग्रहण केन्द्र या ट्रस्ट द्वारा समय समय पर तय किए गए अन्य किसी प्राधिकृत केन्द्र द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के संदर्भ में स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट द्वारा समय समय पर निर्धारित तिथि होगी परंतु यह फ्रेंचाइज कार्यालय/मुख्य प्रतिनिधि कलेक्शन केन्द्र या किसी अन्य प्राधिकृत केन्द्र मे प्राप्त आवेदन पत्र की प्राप्ति (टी) से 5 कार्यदिवसो (टी+5)से अधिक नहीं होगी ।

2) "अधिनियम" से तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम,1963(1963 का 52) से है ।

3) "आवेदक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो योजना में आवेदन करने के लिए पात्र है ।

4) "धर्मादा उद्देश्य" का तात्पर्य गरीबों की मदद, शिक्षा, चिकित्सा सहायता और सार्वजनिक उपयोग हेतु किसी अन्य प्रगति से है, जिसमें लाभ हेतु कोई गतिविधि शामिल नहीं है ।

5) "शैक्षणिक न्यास" अर्थात् कोई भी ट्रस्ट (प्राईवेट ट्रस्ट नहीं) जो मानसिक और भौतिक शिक्षा में योगदान के उद्देश्य के लिए वर्तमान में लागू किसी कानून के अंतर्गत स्थापित है ।

6) योजना के तहत प्रयुक्त "सदस्य" पद का अर्थ उस आवेदक से है जिसे योजना के तहत यूनिट आबंटित किए गए हैं । "सदस्य" का अर्थ "यूनिटधारक" भी है जिसमें निक्षेपागार प्रकार से यूनिट धारण करने वाले व्यक्ति शामिल हैं और दोनों अभिव्यक्तियों को पर्याय के रूप में पढ़ा जा सकता है ।

7) "शुद्ध वितरण योग्य आय" से तात्पर्य सभी व्ययों, योगदानों, पूर्व वर्ष के समायोजनों और सभी प्रावधानों के प्रभार के बाद होने वाली आय से है, चाहे वह राजस्व लेखा मे प्रभारित हों या न हों ।

8) "जारी किए गए यूनिटों की संख्या" से तात्पर्य उन यूनिटो की कुल संख्या से है जो बेचे गए हैं और बकाया है।

9) "गैर लाभकारी कंपनियों" का तात्पर्य कंपनी अधिनियम,1956 की धारा 25 के अंतर्गत स्थापित कंपनियों से होगा ।

10) "पंजीकृत समिति" का तात्पर्य समिति पंजीकरण अधिनियम,1860 के तहत पंजीकृत समिति से होगा ।

11) "रजिस्ट्रार" से तात्पर्य योजना के तहत समय समय पर.रजिस्ट्रार व अंतरण एजेंट के रूप में उनकी सेवाओं हेतु नियुक्त किए गए व्यक्ति से है ।

12) "विनियम" से तात्पर्य अधिनियम की धारा 43 (1) के अंतर्गत बनाए गए भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियम, 1964 से है।

13) "सेबी" से तात्पर्य भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम,1992 (1992 का 15) के तहत गठित भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड से है ।

14) "सेबी(एमएफ) विनियम" से तात्पर्य भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम,1992, समय समय पर यथासंशोधित, के तहत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए सेबी द्वारा बनाई गई भारतीय प्रतिभूति एवं एक्सचेंज बोर्ड(म्यूचुअल फण्ड) अधिनियम, 1996 से है ।

15) "यूनिट" से तात्पर्य योजना की यूनिट पूंजी में रुपये एक सौ के अंकित मूल्य के एक अविभाजित शेयर से है ।

16) "यूनिट पूंजी" से तात्पर्य योजना के तहत बिक्री किए गए यूनिटों व फिलहाल बकाया यूनिटों के अंकित मूल्य की कुल राशि से है।

17) "यूटीआई " या "यूनिट ट्रस्ट" या "ट्रस्ट" से तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के तहत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है ।

18) अन्य सभी पद जो यहां परिभाषित नहीं हैं परंतु इस अधिनियम/विनियम में परिभाषित हैं, उनके वही अर्थ होंगे जो अधिनियम/विनियम में दिए गए हैं ।

19) शब्द जिनका भावार्थ एकवचन में है उनमें बहुवचन अर्थ भी सम्मिलित हैं ।

IV. जोखिम घटक

1. म्यूचअल फंड योजनाओं व प्रतिभूतियो में किए निवेश पर बाजार का जोखिम होता है व योजना के तहत जारी यूनिटों के एनएवी का ऊपर या नीचे जाना वित्तीय बाजार को प्रभावित करने वाले तत्वों और घटकों पर निर्भर करता है ।

2. पूर्व योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है । इस बात का कोई आश्वासन या गारंटी नहीं है कि योजना के उद्देश्यों को प्राप्त कर ही लिया जाएगा ।

3. सभी आश्वासनों और वचनो, यदि कोई हों, की पूर्ति विशिष्ट समय पर और वर्तमान भूमि कानूनों के अधीन है ।

4. धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास एवं पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना(सीआरटीएस), 1981 केवल योजना का नाम है और यह किसी भी तरह योजना की गुणवत्ता, उसकी भावी संभावनाओं अथवा लाभ का द्योतक नहीं है ।

5. **विदेश स्थित बाजारों में निवेश :** विदेश स्थित बाजारों में निवेश की सफलता निधि प्रबंधकों द्वारा उन बाजारों की स्थिति व सूचनाओं के विश्लेषण के ज्ञान पर निर्भर करता है जो कि भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकते हैं । चूंकि इसमें परिचालन विदेशी बाजारों में होना है अत: बाजार जोखिमो के अलावा विनिमय दर में भी उतार-चढ़ाव का जोखिम भी हो सकता है ।

6. **स्टॉक उधार देना :** यह फड मे न्यूनतम जोखिम के साथ अतिरिक्त आय का एक ज़रिया है । इसमें जोखिम स्टॉक के उधार की अवधि के दौरान बिक्री के लिए तैयार स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में हो सकता है। योजना में उधारकर्ता / बिचौलिए द्वारा उधार प्रतिभूतियों के पुनर्भुगतान मे चूक की संभावना से भी जोखिम हो सकता है। हालांकि इस जोखिम को इस प्रक्रिया में सम्मिलित बिचौलिए द्वारा उधारकर्त्ता से समुचित जमानत लेकर उचित रूप से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। यूटीआई का इस जमानत पर ग्रहणाधिकार रहेगा । यूटीआई प्रतिभूति उधार प्रक्रिया के जोखिम को न्यून करने हेतु अन्य उचित जांच एवं नियंत्रण भी रखेगा।

V. यूनिट व पेशकश

1. इस योजना को धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास और पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना (सीआरटीएस), 1981 कहा जाएगा ।
2. यह योजना सतत खुली योजना होगी ।
3. योजना के तहत जारी प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य सौ रुपये होगा।
4. यूनिटों की बिक्री बही बंदी की अवधि (वर्ष में 15 दिन से अधिक नहीं) को छोड़कर पूरे वर्ष भर खुली रहेगी । परन्तु यह कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति / अध्यक्ष युद्ध की स्थिति में,स्टॉक एक्सचेंजो में व्यवसाय में व्यवधान व अन्य सामाजिक-आर्थिक कारकों की वजह से 7 दिन की पूर्व सूचना अखबारों मे या अन्य किसी रीति से देकर जो कि ट्रस्ट द्वारा निर्धारित की जाए, यूनिटो की बिक्री स्थगित कर सकता है।

5. यूनिटों के लिए आवेदन :

(क) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के लिए आवेदन निम्नलिखित द्वारा किये जा सकते हैं :

(i) धर्मार्थ या धर्मादा न्यास या धर्मदाय जो वर्तमान में लागू किसी केन्द्रीय या राज्य अधिनियमन के प्रावधानों के द्वारा या अंतर्गत शासित या नियंत्रित या निरीक्षित किया जाता हो ।

(ii) पजीकृत समिति।

(iii) राज्य या केन्द्र के किसी अधिनियम द्वारा नियंत्रित या इसके अंतर्गत स्थापित कोई अन्य निकाय जो कोई धर्मार्थ उद्देश्य (यहां इसके बाद निर्दिष्ट निवेशकों के रूप में संदर्भित) हेतु कार्य कर रहा है ।

(iv) शैक्षणिक न्यास।

(v) स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय ।

(vi) कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत स्थापित गैर लाभकारी कंपनी।

(ख) वही व्यक्ति यूनिट खरीदने हेतु आवेदन कर सकता है जो विनिर्दिष्ट निवेशकों को शासित करने वाले प्रतिष्ठान के चार्टर, नियमों और विनियमों इत्यादि द्वारा इस सबंध में प्राधिकृत किया गया हो।

(ग) यूनिट हेतु आवेदन, इस संबंध में समय समय पर ट्रस्ट द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ किया जाना चाहिए ।

6. **न्यूनतम निवेश राशि**

i. आवेदन हेतु न्यूनतम निवेश राशि रू. 10,000/- होनी चाहिए। इसके बाद का निवेश प्रत्येक फोलियो के अंतर्गत न्यूनतम रू. 1,000/- या ट्रस्ट द्वारा समय समय पर निर्धारित कोई अन्य राशि होनी चाहिए। यूनिटें दशमलव के बाद तीन अंकों तक आबंटित की जाएंगी।

ii. यदि निवेश राशि रू. 50,000 और उससे अधिक है तो निवेशक को सलाह दी जाती है कि वह अपना आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या तथा आईटी सर्कल कार्यालय का पता , यदि हो तो, उसे प्रस्तुत करे या भविष्य में संख्या आबंटित होने पर यूटीआई को सूचित करे ।

7. **लेखा-विवरणी**

(क) ट्रस्ट योजना के सदस्यों को लेखा-विवरणी जारी करेगा । लेखा विवरणी निवेशक के योजना में प्रवेश का वैध सबूत होगा ।

(ख) ट्रस्ट आवेदन की स्वीकृति तिथि से 15 कार्यदिवसों के भीतर परंतु किसी भी स्थिति में 6 सप्ताह के भीतर लेखा विवरणी जारी करने का प्रयास करेगा ।

(ग) प्रत्येक सदस्य को यूनिटों की कोई भी अतिरिक्त खरीद अथवा आंशिक पुनर्खरीद पर हर बार अद्यतन लेखा-विवरणी मिलेगी। यूनिट ट्रस्ट, सदस्य द्वारा दिए गए पते पर डाक द्वारा लेखा-विवरणी भेजेगा और इस प्रकार भेजी गई लेखा-विवरणी के गुम होने, क्षतिग्रस्त होने, गलत सुपुर्दगी होने या सुपुर्दगी न होने पर वह उत्तरदायी नहीं होगा ।

(घ) लेखा-विवरणी के बदले यूनिट प्रमाणपत्र (यूसी)लेने के लिए इच्छुक सदस्य, योजना के रजिस्ट्रार को इस संबंध में लिख सकता है । ऐसे मामलों मे, रजिस्ट्रार को किए गए निवेदन की प्राप्ति की तिथि से 7 दिनों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएंगे।

(ड) लेखा-विवरणी गुम हो जाने , कट-फट जाने, खराब हो जाने पर यूटीआई इस संबंध में निवेदन प्राप्त होने पर या समय समय पर लिए गए निर्णयानुसार डुप्लिकेट विवरणी जारी करने के लिए तैयार रहेगा । डुप्लिकेट यूनिट प्रमाणपत्र के लिए निवेशक को यूटीआई द्वारा समय समय पर निर्धारित आवश्यक प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा ।

8. **यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन**

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटें अंतरणीय/गिरवी रखने योग्य या समनुदेशनीय नहीं हैं।

9. **योजना की समाप्ति**

(i) यह एक सतत खुली योजना है। तथापि, ट्रस्ट योजना को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है तथा योजना के समापन के लिए पहल कर सकता है :

(क) यदि बकाया यूनिटधारिता एक करोड़ रुपए (अंकित मूल्य) से कम हो जाए अथवा

(ख) कोई ऐसी घटना घटित होने पर जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या

(ग) योजना के 75% सदस्यों द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर ; या

(घ) योजना के सदस्यों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे।

(ii) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (i) के अनुसरण में योजना परिसमाप्त की जाती है, तो ट्रस्ट योजना को समाप्त करने वाले कारणों की सूचना, समापन के कम से कम एक सप्ताह पहले सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होने वाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देगा।

(iii) समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से यूटीआई इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को जारी करना, उनका प्रतिदान करना और रद्द करना बंद करेगा और इससे संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(iv) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और बैठक में मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

(v) न्यासी मंडल या उप खंड (iv) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के सदस्यों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(vi) ऊपर दिए गए उप खण्ड (v)के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद और योजना के अंतर्गत उचित रूप से देय हों ।

(vii) समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के अनुपात में निवेशकों को शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(viii) ट्रस्ट, विधिवत् उन्मोचित व्यापक सेवा फार्म (सीएसएफ) में पुनर्खरीद अनुरोध पर्ची अथवा समय समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अन्य कोई प्राधिकृत दस्तावेज प्राप्त होने के बाद परंतु 10 कार्य दिवसों के भीतर अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान करेगा। ट्रस्ट, व्यापक सेवा फार्म या अन्य फार्म में पुनर्खरीद अनुरोध पर्ची, यदि कोई हो, को निरस्तीकरण के लिए अपने पास रखेगा ।

(ix) परिसमापन पूरा होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा , जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, परिसमापन से पूर्व योजना की आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, परिसमापन के लिए किया गया योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियां और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाणपत्र भेजेगा।

(x) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, जब तक योजना समाप्त न हो जाए या समापन की कार्यवाही पूरी न हो जाए, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(xi) उपरोक्त मद (ix) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाता है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है, तो योजना समाप्त हो जाएगी।

VI. व्यय

1) **प्रारंभिक निर्गम व्यय :**

(क) वित्तीय वर्ष 1999-2000 के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं के लिए प्रारंभिक निर्गम व्यय इस प्रकार है :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
यूटीआई-जीसेक	0.32%
एमआईपी-99 II	2.53%
एमआईपी 2000	2.57%
ईटीएसपी	4.32%

(ख) वर्ष 1999-2000 के दौरान आरंभ किए गए निफ्टी इंडेक्स फंड (एनआईएफ), जो एक भार रहित योजना थी, के संबंध में निर्गम व्यय (डीआरएफ द्वारा प्रभारित) ट्रस्ट द्वारा वहन किए गए थे।

2. **आवर्ती व्यय :**

(क) योजना पर आवर्ती आधार पर निम्नलिखित अनुमानित आवर्ती व्यय प्रभारित किया जाएगा । अनुमानित आवर्ती व्यय में परिवर्तन वास्तविक व्यय के अधीन है ।

मद	औसत साप्ताहिक एनएवी का %
प्रशासनिक व्यय	0.75
प्रचार, विपणन एवं विक्रय उन्नयन	0.50
अभिरक्षण शुल्क	0.15
डीआरएफ में अंशदान	0.25
कर्मचारी कल्याण निधि	0.10
रजिस्ट्रार का शुल्क	0.50
कुल	**2.25**

(ख) योजना का कुल वार्षिक आवर्ती व्यय, पुनर्खरीद व्ययो को छोड़कर परंतु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) व कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान सहित निम्नलिखित सीमाओं के मध्य रखे जाएंगे :

(i)	योजना के औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के प्रथम 100 करोड़ पर	-2.25%
(ii)	योजना के औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ पर	-2.00%
(iii)	योजना के औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों के अगले 300 करोड़ पर	-1.75%
(iv)	योजना की शेष आस्तियों पर	-1.50%

(ग) प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि व कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम 52 के खंड 2 के तहत वर्णित सीमाओं से अधिक नही होंगे, नामत:

(i) योजना हेतु प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों का 1.25%, जब तक कि कुल आस्तियां 100 करोड़ से अधिक नहीं हों जातीं, तथा

(ii) 100 करोड़ से ऊपर की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत ,जहाँ पर इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ से अधिक हो ।

3. सेबी (म्यूचुअल फंड) अधिनियम, 1996 के अनुसार यूटीआई निवेश प्रबंधन व परामर्श शुल्क पर कोई प्रभार नहीं लेता है परंतु वह यह सुनिश्चित करेगा कि वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फड) विनियमावली के विनियम 52 के तहत उल्लिखित सीमा के भीतर ही होंगे ।

4. **विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान**

(क) योजना के साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 0.25% प्रति वर्ष की राशि ट्रस्ट के विकास प्रारक्षित निधि के रूप में रखी जाएगी । डी आर एफ में अशदान योजना के आवर्ती व्यय का ही एक भाग होगा ।

(ख) ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना 1983-84 में एक साझा निधि के रूप में की थी जो नई योजनाओं के संदर्भ में विकास व अनुसंधान कार्यों, संकल्पना स्तर पर नवीन तरीकों व प्रक्रियाओं व अन्य विभिन्न प्रकार के उत्पादन व विकास कार्यों हेतु, जो कि किसी विशेष योजना से जुड़े या संबद्ध नहीं हो, जैसे व्ययों की पूर्ति करने हेतु कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक व पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन व व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट हेतु सर्वेक्षण व बाजार अनुसंधान, विपणन व निगम की छवि बेहतर बनाने हेतु प्रयासों के लिए जो कि किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास हेतु प्रयास जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भावी कार्यकलापों से जुड़े हों तथा ट्रस्ट की किसी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिफल की दर मे कोई कमी होने पर तथा भार रहित योजनाओं के निर्गम व्ययों को पूरा करने हेतु भी किया जाता है ।

5. कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान

योजना के साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 0.10% वार्षिक के बराबर की राशि ट्रस्ट के कर्मचारी कल्याण निधि मे अंशदान के रूप में रखी जाएगी । ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण निधि की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण हेतु की है, जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता व इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं ।

VII. यूनिटों की बिक्री

1.बिक्री संविदा

(क) यूटीआई द्वारा यहाँ आगे वर्णित खंड VII (3) के तहत अस्वीकृत आवेदनों को छोड़कर यूनिटों की बिक्री संविदा स्वीकृत तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी ।

(ख) ट्रस्ट द्वारा बेचे जाने वाले यूनिटों के मूल्य को "बिक्री मूल्य " कहा जाएगा । यूनिटों की बिक्री यूटीआई द्वारा निर्धारित एनएवी / एनएवी आधारित मूल्यों पर की जाएगी ।

(ग) वर्तमान में बिक्री साप्ताहिक आधार पर घोषित एनएवी पर की जाती है। एक सप्ताह (सोमवार से रविवार) हेतु लागू बिक्री मूल्य पिछले सप्ताह के बुधवार की एनएवी मूल्य पर आधारित होगा । ट्रस्ट एनएवी गणना की आवधिकता मे बदलाव एवं बिक्री व पुनर्खरीद मूल्यों का निर्धारण दैनिक या समय समय पर यथानिर्धारित अन्य किसी अंतराल में कर सकता है, जिसकी सूचना दे दी जाएगी।

(घ) बिक्री -संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को योजना में उसकी सदस्यता के प्रमाण के रूप में एक लेखा विवरणी जारी कर देगा।

(ङ) आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित यूटीआई के कार्यालयों / यूटीआई बैंक की शाखाओं / फ्रेंचाइज कार्यालयों व मुख्य प्रतिनिधि संग्रहण केन्द्रों में जमा कराए जा सकते हैं । यूनिटों की खरीद हेतु आवेदन पत्रों के साथ संस्था के उप-नियमों / विधानों / संस्था के बहिर्नियमों और अंतर्नियमों, जो भी लागू हो, की एक सत्यापित प्रति संलग्न होनी चाहिए। यदि यह दस्तावेज पहले ही से यूटीआई के पास पंजीकृत हो तो उस स्थिति में केवल दस्तावेज पंजीकरण संख्या उद्धृत करना पर्याप्त होगा।

2. भुगतान विधि :

(क) आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवेदित यूनिटों हेतु भुगतान, चेक अथवा ड्राफ्ट अथवा नकद रूप में किया जा सकता है । चेक व ड्राफ्ट केवल उस शहर में स्थित बैंकों की शाखाओं में देय होना चाहिए जिस शहर में स्थित यूटीआई के कार्यालयों / यूटीआई बैंक की शाखाओं / फ्रेंचाइज कार्यालयों व मुख्य प्रतिनिधि कलेक्शन केंद्रों में आवेदन पत्र जमा कराया गया है।

(ख) यदि भुगतान, चेक / माँग पत्र द्वारा किया जा रहा है तो उस आवेदन पत्र की स्वीकृति तिथि यूटीआई के कार्यालयों / यूटीआई बैंक की शाखाओं / विशेष बिक्री कार्यालयो व मुख्य प्रतिनिधि कलेक्शन केंद्रों द्वारा आवेदन प्राप्ति की तिथि को मानी जाएगी, जो कि चेक/ माँग पत्र की वसूली के अधीन होगी।

(ग) यदि आवेदन राशि योजना के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम निवेश से कम है, तो ऐसी राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगी।

3. **आवेदन स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :**

(क) ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना के तहत यूनिटे जारी करने हेतु आवेदन पत्र को स्वीकृत और / या अस्वीकृत कर सके । ट्रस्ट निम्न परिस्थितियों में यूनिट जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर सकता है :

(i) यदि आवेदन इस संबंध मे निर्धारित न्यूनतम राशि से कम के लिए प्राप्त हुआ हो।

(ii) यदि आवेदन प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित न हो।

(iii) यदि आवेदक, योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो । योजना के अंतर्गत आवेदन करने के संबंध में किसी संस्था की पात्रता या अन्यथा के बारे मे ट्रस्ट का निर्णय आवेदक के लिए अंतिम व बाध्य होगा।

(iv) यदि आवेदन अधूरा पाया गया व

(v) आवेदन में बैंक विवरण न दिया गया हो।

(ख) अस्वीकृत मामलों के सबंध मे यूटीआई द्वारा अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने के बाद, किसी ब्याज या अन्य राशि के लिए किसी देयता की पूर्ति के बिना आवेदन राशि वापस की जाएगी।

4. गलत घोषणा के अंतर्गत यूनिटों का अधिग्रहण

(क) गलत घोषणा / प्रमाण पत्र के आधार पर यूनिट धारण करने वाले सदस्य के यूनिटों को निरस्त कर दिया जाएगा और सदस्यों की पंजी से उसका नाम हटा दिया जाएगा।

(ख) ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह सममूल्य या एनएवी मूल्य, जो भी कम हो,पर यूनिटों की पुनर्खरीद कर दंडस्वरूप उसमे से 25% की कटौती कर ले।

(ग) ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद उसके द्वारा सुनिश्चित किए गए मूल्य पर कर सकता है और पुनर्खरीद आय में से सदस्य को गलती से अदा किए गए आय वितरण की वसूली पश्चात बकाया रकम वापस कर सकता है। ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद को लागू करने में व पुनर्खरीद रकम सदस्य को प्रदान करने में चाहे जितना भी समय लगे, इस रकम पर किसी भी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

VIII. यूनिटों की पुनर्खरीद

1. (क) पुनर्खरीद, बही बंदी की अवधि को छोड़कर जो एक वर्ष में 15 दिन से अधिक नहीं होगी, पूरे वर्ष की जा सकती है ।

(ख) वर्तमान में, स्वीकृति तिथि से एक / दो वर्ष / तीन वर्ष के दौरान की गयी पुनर्खरीद, प्रति यूनिट एनएवी के क्रमश : 97%,98% व 99% से कम के मूल्य पर नहीं होगी । वर्तमान में, स्वीकृति तिथि से तीन वर्ष पश्चात की गयी पुनर्खरीद एनएवी पर होगी । इस प्रयोजन हेतु सदस्य के खाते में शेष यूनिटों को 'पहले प्राप्त यूनिटों की पहले पुनर्खरीद' के आधार पर पुनर्खरीदी किया गया माना जाएगा।

(ग) हालांकि यूटीआई ऐसे पुनर्खरीद मूल्य को घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो कि एनएवी के 93% से कम नहीं होगा और बिक्री मूल्य व पुनर्खरीद मूल्य का अंतर, बिक्री मूल्य के आधार पर गणना करने पर 7% से अधिक या सेबी द्वारा समय समय पर निर्धारित बिक्री मूल्य से अधिक नहीं होगा।

(घ) ट्रस्ट आवेदन पत्र के अन्यथा क्रम में होने पर यूनिटों की आंशिक अथवा पूर्ण रूप में पुनर्खरीद करने के लिए तैयार रहेगा, बशर्ते, यदि आंशिक पुनर्खरीद की जाती है तो सदस्य को, पुनर्खरीद आवेदन की स्वीकृत तिथि को लागू पुनर्खरीद मूल्य पर परिकलित की जाने वाली न्यूनतम निवेश राशि को बनाए रखना होगा। धारित यूनिटों के एक हिस्से की पुनर्खरीद के मामले में ट्रस्ट सदस्य द्वारा धारित शेष यूनिटों के लिए लेखा-विवरणी जारी करेगा।

(ङ) यूनिटों की पुनर्खरीद के समय, संबंधित शासी निकाय के संकल्प की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो कि संबंधित अधिकारी (यों) को पुनर्खरीद की औपचारिकताओ का अनुपालन करने व पुनर्खरीद चैक को एकत्र करने हेतु प्राधिकृत करता हो।

2. यहाँ वर्णित उप खड (1) में वर्णित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट पुनर्खरीद अनुरोध पर्ची या समय समय पर निर्धारित विधिवत भरे गए तथा हस्ताक्षरित ऐसे किसी लिखत के प्राप्त होने पर लेखा-विवरणी मे दर्शाये गए यूनिटों की पूर्णत: या अंशत: पुनर्खरीद करेगा।

3. पुनर्खरीद -संविदा स्वीकृति तिथि से पूर्ण हुई मानी जाएगी ।

4. ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद अनुरोध संसाधन केन्द्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत पूर्ण पुनर्खरीद अनुरोध की स्वीकृति तिथि से 10 कार्य-दिवसों के भीतर (बशर्ते कि आवेदन पत्र क्रम में हो) पुनर्खरीद प्राप्ति चेक प्रेषित कर दिए जाएँगे । पुनर्खरीद चैकों के प्रेषण में 10 कार्य दिवसों से अधिक की देरी होने की स्थिति में यूटीआई ।। वें कार्यदिवस से वास्तविक रूप से प्रेषित किए जाने की तारीख तक 15% प्रति वर्ष की दर से (या समय समय पर सेबी द्वारा निर्धारित दर पर) ब्याज अदा करेगा।

5. यूनिटों की बिक्री व पुनर्खरीद पर प्रतिबंध

योजना के अंतर्गत बन किसी भी उपबंध मे अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री एवं पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा -

(क) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नही हों; और

(ख) ऐसी अवधि(वर्ष में 15 दिन से अधिक नही) के दौरान जब ट्रस्ट द्वारा यथाअधिसूचित किसी भी प्रयोजन के लिए सदस्यों की पंजी बंद हो।

व्याख्या : इस योजना के प्रयोजनार्थ 'कार्य दिवस' का अर्थ वह दिन है, जो न तो (क) महाराष्ट्र अथवा अन्य किसी राज्य में , जहाँ ट्रस्ट के कार्यालय हो, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो और न ही (ख) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित किया गया हो कि उस दिन ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

IX. आय वितरण

1. योजना के अंतर्गत यथानिर्धारित दरों पर योजना के शुद्ध वार्षिक वितरण-योग्य आय का कम से कम 75% अंश समय-समय पर वितरित कर दिया जाएगा ।
2. ट्रस्ट ऐसी तिथि या ऐसी अवधि को देय अंतरिम आय वितरण की घोषणा कर सकता है जिसे बोर्ड उचित समझकर तय करे ।
3. वे सदस्य ऐसी आय को पाने के पात्र होंगे जिनका नाम सदस्यता पंजी में पंजिका को बंद करते समय या अभिलेख तिथि को होगा ।
4. वितरित की गयी आय ईसीएस के माध्यम से, जहाँ यह सुविधा उपलब्ध हो, या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित बैंकों से आय वितरण वारंट (आईडीडब्ल्यू) द्वारा अदा की जाएगी ।
5. ईसीएस द्वारा आय वितरण की अदायगी अथवा आय वितरण वारंटों का प्रेषण आय वितरण / रिकार्ड तिथि या सेबी द्वारा निर्धारित किसी अवधि की घोषणा तिथि से 42 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा ।

6. वितरित आय का पुनर्निवेश

सदस्य ऊपर दिए खंड IX (4) में दिए अनुसार योजना के तहत वितरित आय,यदि कोई हो, का योजना के आगामी यूनिटों में पुनर्निवेश कर सकता है। ऐसी स्थिति में, यूनिट धारिता पर पूर्ण आय ,कर की कटौती के पश्चात,यदि कोई हो, ऐसे पुनर्निवेश की तिथि को लागू एनएवी / एनएवी आधारित मूल्य पर, सदस्य को देने की बजाय पुनर्निवेशित कर दी जाएगी ।

7. निवेशकों के बैंक विवरण व इलैक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा

(क) सेबी द्वारा निवेशक को आवेदन पत्र मे निर्धारित स्थान पर अपने बैंक खाते का विवरण जैसे कि बैंक खाता,खाते का प्रकार,खाता संख्या, बैंक शाखा का नाम व पता पिन कोड सहित व एमआईसीआर संख्या (यदि कोई हो) देना आवश्यक कर दिया गया है ।

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी इलैक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा के तहत निवेशकों को विभिन्न स्थानों पर डाक में देरी, धोखाधड़ी से बचने व भौतिक रूप मे लिखत के निपटान की दिक्कत से बचने के लिए संबंधित केंद्रों पर उनके बैंक खाते में सीधे ही जमा करने की सुविधा उपलब्ध करवायी गयी है, जहाँ पर अभी वर्तमान में एक लिखत में अधिकतम सीमा रु.5,00,000/- है। यदि किन्हीं कारणों से ईसीएस के माध्यम से भुगतान नहीं किया जा सकता तो यूटीआई इसके बजाए आय वितरण वारंट भी जारी कर सकता है ।

(ग) इस तरह के मामलो में सदस्य के बैंक की शाखा, सदस्य के खाते में रकम को जमा कर देगी व पासबुक/ बैंक लेखा विवरणी में इस जमा प्रविष्टि को "ईसीएस " के रूप में दर्ज कर देगी । सदस्य को ईसीएस के तहत हुए भुगतान का ब्यौरा देते हुए आय वितरण की एक विवरणी भेजी जाएगी ।

(घ) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र में बैंक शाखा का नाम व पता ,खाता का प्रकार व संख्या, 9 अंकों की बैंक व शाखा एमआईसीआर कूट संख्या अवश्य दें ।

X. निवेश का उद्देश्य, नीतियाँ व स्टॉक उधार

1. **निवेश का उद्देश्य :**

(क) योजना का निवेश उद्देश्य योजना के सदस्यों को मुख्यत: नियमित आय प्रदान करना है । योजना के तहत एकत्र निधि का निम्नानुसार निवेश किया जाएगा :

(i) निम्न से मध्यम जोखिम श्रेणी के मुद्रा बाजार लिखतों सहित ऋण लिखतों में निधि का कम से कम 70% निवेश किया जाएगा।

(ii) इक्विटी और इक्विटी संबंधित लिखतों में निधि का अधिक से अधिक 30% निवेश किया जाएगा। इक्विटी लिखतों की जोखिम श्रेणी उच्च हो सकती है ।

(ख) न्यूनतम व अधिकतम आस्ति विनियोजन :

ऋण लिखत - न्यूनतम 70% अधिकतम 100%
इक्विटी लिखत - न्यूनतम शून्य अधिकतम 30%

(ग) हालांकि बाजार की परिस्थितियों के आधार पर निधि प्रबंधक इक्विटी में निवेश को छह माह हेतु कुल आस्तियों के 40% तक बढा सकते हैं । 30 सितंबर 2000 को योजना की निवेश सूची में इक्विटी का हिस्सा 38.44% था । एक निश्चित अवधि में इसे कम किए जाने का प्रस्ताव है ।

(घ) सामान्यत: मुद्रा बाजार लिखतो के लिए कोई निश्चित आबंटन निर्धारित नहीं है ।

मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश को न्यूनतम रखे जाने का प्रयास किया जाएगा ताकि योजना की नकदी संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके । हालांकि जब तक ऊपर वर्णित निवेश उद्देश्य के अनुसार यूटीआई प्रतिभूतियों में योजना निधि का विनियोजन न हो जाए, यूटीआई मुद्रा बाज़ार लिखतों में निवेश कर सकता है ।

(ड) ट्रस्ट रक्षात्मक महत्व के मद्देनजर अल्प समय हेतु आस्ति निवेश के निर्धारण में बदलाव करने का विकल्प सुरक्षित रखता है ।

2. **मूलभूत विशेषताएँ :**

(क) मूलभूत विशेषताओं का तात्पर्य निम्नलिखित से है -

(i) **योजना का प्रकार :** धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यास और पंजीकृत समितियों के लिए यूनिट योजना (सीआरटीएस),1981 एक सतत खुली योजना है ।

(ii) **निवेश उद्देश्य :** इस पेशकश दस्तावेज के खंड X में दिए अनुसार ।

(iii) **जारी करने की शर्तें :** यूनिटों की पुनर्खरीद व व्ययों के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज के प्रावधान।

(ख) योजना की मूलभूत विशेषताओ में किसी भी प्रकार का बदलाव निम्नलिखित के अधीन होगा -

(i) वर्तमान सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से सूचना देकर

(ii) पूरे भारत वर्ष में परिचालित होने वाले अंग्रेजी भाषा के एक दैनिक समाचार पत्र में व मुंबई मे एक मराठी समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित करके ।

(iii) सदस्यों को बिना किसी निकासी प्रभार के प्रचलित एनएवी पर योजना से बाहर हो जाने का विकल्प दे कर ।

(ग) बोर्ड समय समय पर इस योजना में जुड़ाव या बदलाव कर सकता है व किसी प्रकार का संशोधन / जुड़ाव अधिनियम के तहत अपेक्षित सरकारी राजपत्र में अधिसूचित करके किया जाएगा ।

(घ) योजना की मूलभूत विशेषताओं में किसी भी प्रकार का बदलाव / संशोधन / आशोधन सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा।अन्य बदलाव / संशोधन / आशोधन जो कि मूलभूत विशेषताओं की प्रकृति के नहीं है व निवेशक के हित को प्रभावित नहीं करते हैं तो उस स्थिति में उनकी सूचना सेबी को दी जाएगी।

3. **निवेश नीतियाँ**

(क) योजना एक जारीकर्ता द्वारा जारी व सेबी अधिनियम द्वारा प्राधिकृत ऐसी संस्था द्वारा प्रमाणित निवेश श्रेणी से निम्न श्रेणी के ऋण लिखतों में उसकी एनएवी के 15% से अधिक निवेश नहीं करेगी। ऐसे निवेश की सीमा बोर्ड की पूर्व स्वीकृति से योजना की एनएवी के 20% तक बढ़ायी जा सकती है परंतु यह सीमा सरकारी प्रतिभूतियों व मुद्रा बाजार लिखतों मे निवेश के लिए लागू नहीं होगी।

(ख) योजना एक ही जारीकर्ता द्वारा जारी बिना रेटिंग के ऋण लिखतो में एनएवी के 10% से अधिक निवेश नहीं करेगी व इस प्रकार के लिखतों में कुल निवेश, योजना की एनएवी के 25% से अधिक नहीं होगा । इस प्रकार से सभी निवेश बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से होंगे।

बशर्ते यह भी कि उस सीमा तक बंधक आधारित प्रतिभूतिकृत ऋण में निवेश किया जा सकता है जिसे सेबी के साथ पंजीकृत क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा कम से कम निवेश श्रेणी के अंतर्गत मूल्यांकित किया गया हो।

(ग) दिनांक 30 सितंबर 2000 को मीयादी ऋण व अन्य अहस्तांतरणीय लिखतो में रु. 76.53 करोड़ का निवेश, योजना की निवेश सूची में बना रहेगा जब तक कि इस प्रकार के निवेश का पूर्ण रूप से पुनर्भुगतान / बिक्री या विनिवेश नही कर लिया जाता। योजना द्वारा मीयादी ऋणों/अन्य अहस्तांतरणीय लिखतों में कोई भी नवीन निवेश नहीं किया जाएगा।

(घ) ट्रस्ट उसके द्वारा खरीदी गयी लिखतों को अपने नाम में हस्तांतरित करवा लेगा।

(ङ) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद व बिक्री, सुपुर्दगी के आधार पर करेगा व खरीद के मामले म संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के मामले में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा व किसी भी स्थिति में वह थोड़े समय के लिए बिक्री या आगामी संचालन या बदला मामले में स्वयं को संलग्न नहीं करेगा ।

(च) (i) योजना सेबी द्वारा घोषित प्रतिभूति उधार योजना के अनुसार स्टॉक उधार कार्यक्रम मे हिस्सा लेगी। यह प्रक्रिया किसी अनुमोदित बिचौलिए के माध्यम से की जाएगी ।

(ii) योजना के अंतर्गत किसी समय किसी स्टॉक उधार देने संबंधी किसी एक बिचौलिए का अधिकतम प्रभावन उस योजना के इक्विटी पोर्टफोलियो के बाजार मूल्य का 10 % होगा ।

(iii) यदि ट्रस्ट को स्टॉक उधार लेने की अनुमति दी जाती है तो योजना सेबी द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार उचित परिस्थितियों में स्टॉक उधार ले सकती है ।

(छ) योजना, समुद्रपारीय / विदेशी कंपनियों द्वारा जारी एवं विदेश में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों या भारतीय निकायों द्वारा विदेशी / समुद्रपारीय निवेशकों को जारी एवं विदेशी स्टॉक एक्सचेंजो में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध मे समय-समय पर जारी सेबी / आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसे निर्गमों में अभिदान करके या विदेशी स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए क्रय करके सीधे निवेश कर सकती है।

(ज) योजना निम्नलिखित में कोई निवेश नहीं करेगी :

(i) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति में ; या
(ii) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई किसी प्रतिभूति मे, या
(iii) ट्रस्ट की समूह कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियाँ जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं के शुद्ध आस्तियों के 25% का आधिक्य है ।

(झ) जनता को पेश न किए गए ऋण लिखतों में निवेश : योजना उपलब्ध आय पर निर्भर करते हुए जनता को पेश न किए गए ऋण प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है ।

(ञ) योजना, चल नकदी की आवश्यकताओं के आधार पर, निवेश किये जाने की सीमा संबंधी प्रतिबंध के बिना, भारत सरकार / राज्य सरकार की प्रतिभूतियो मे निवेश कर सकती है ।

(ट) योजना किसी भी कंपनी के इक्विटी शेयर या इक्विटी संबंधित लिखतो में एनएवी के 10% से अधिक निवेश नही करेगी ।

(ठ) योजना असूचीबद्ध इक्विटी शेयरो व इक्विटी संबंधित लिखतो में एनएवी के 5% से अधिक का निवेश नहीं करेगी ।

4. ट्रस्ट की योजनाओं में कारपोरेट निवेश और इन कंपनियों में ट्रस्ट का निवेश

(i) दिनांक **30.06.2000** तक की उन योजनाओं की सूची जिनमें कंपनियों ने योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक का निवेश किया।

क्र. सं.	योजना का नाम	कंपनी का नाम, जिसके पास योजना की 5% से अधिक आस्तियां हैं
1.	आईआईएमएफयूएस 97	एचडीएफसी हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड
2.	आईआईएमएफयूएस 97 (II)	भारतीय स्टेट बैंक दी पियरलेस जनरल फाइनेंस व इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड
3.	एमआईएफ	दी पियरलेस जनरल फाइनेंस व इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड
4.	एमबीयूपी	एम बी आई आई डी बी आई
5.	ग्रोथ सैक्टर फंड (ब्राड वैल्यू)	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
6.	ग्रोथ सैक्टर फड (फार्मा)	दी पियरलेस जनरल फाइनेंस व इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
7.	ग्रोथ सेक्टर फड (साफ्टवेयर)	दी पियरलेस जनरल फाइनेंस व इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड
8.	जी-सैक	भारतीय स्टेट बैंक भारत इलैक्ट्रॉनिक
9.	यूटीआई-एमएमएफ	बैनेट कोलमन एंड कंपनी लिमिटेड यूटीआई बैंक लिमिटेड यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
10.	आईईएफ 97	आई डी बी आई

(ii) दिनांक **30.06.2000** को सकल आधार पर उपरोक्त योजनाओ द्वारा या यूटीआई की अन्य योजनाओ द्वारा उपरोक्त कंपनियो अथवा अनुषंगी कंपनियों मे निवेश

(रु. करोड में)

कंपनी का नाम	इक्विटी (लागत)	ऋण (लागत)	जमा राशि / मियादी ऋण	कुल
भारत इलैक्ट्रॉनिक्स	43.10	0.00	0.00	43.10
एच डी एफ सी	269.00	94.16	0.00	363.16
हिन्द लीवर लिमिटेड	1862.35	0.00	0.00	1862.35
आईडीबीआई	346.59	2302.58	0.00	2649.17
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई की अनुषगी)	0.63	25.00	0.00	25.63
भारतीय स्टेट बैंक	587.26	257.27	0.00	844.53
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	0.00	0.76	0.00	0.76
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	0.00	50.06	0.00	50.06
यूटीआई बैंक लिमिटेड	89.12	25.00	0.00	114.12
कुल	**3198.05**	**2754.83**	**0.00**	**5952.88**

(III) दिनांक 30.06.1999 को सकल आधार पर उपरोक्त योजनाओं द्वारा या यूटीआई की अन्य योजनाओं द्वारा उपरोक्त कंपनियों अथवा अनुषंगी कंपनियों में निवेश

(रु. करोड़ में)

कंपनी का नाम	इक्विटी (लागत)	ऋण (लागत)	जमा राशि / मियादी ऋण	कुल
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स	57.90	0.00	0.00	57.90
एच डी एफ सी	296.00	58.13	0.00	269.00
हिन्द लीवर लिमिटेड	1534.65	0.00	0.4	1535.09
आईडीबीआई	355.71	1955.88	0.00	2311.59
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई की अनुषंगी)	1.66	0.00	0.00	1.66
भारतीय स्टेट बैंक	763.96	55.12	0.00	819.08
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	0.00	0.76	0.00	0.76
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	0.00	0.00	0.00	0.00
यूटीआई बैंक लिमिटेड	89.12	0.00	0.00	89.12
कुल	**3099.00**	**2069.89**	**0.44**	**5169.33**

यूटीआई द्वारा उपरोक्त निवेश **उसके सामान्य कारोबार के दौरान** किया गया।

XI अंतर - योजना अंतरण

इस योजना से/में ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान से/में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब -

(क) ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर व उद्धृत लिखतों हेतु प्रचलित बाजार मूल्य पर होंगे।

व्याख्या : "स्पॉट आधार" से वही तात्पर्य होगा जो कि स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा निर्दिष्ट स्पॉट सौदे से है।

(ख) इस प्रकार से अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना / प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप होंगी जिस हेतु यह अंतरण किए गए हैं।

(ग) असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेशों में / से यूटीआई की अन्य योजनाओं / प्लानों में / से अंतरण यूटीआई के बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार होगा।

XII संबद्ध सौदे एवं उधार

1 संबद्ध सौदे

सेबी के सुझावानुसार योजना के प्रतिभूतियों की खरीद व बिक्री यूटीआई सिक्युरिटीज एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से किन्हीं तीन महीनों के खंड में, प्रतिभूतियों की सकल खरीद व बिक्री के 5% से अधिक नहीं होगी।

2 उधार

(क) योजना, सदस्यों को यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान अथवा ब्याज की अदायगी या आय वितरण जैसी अस्थायी नकदी जरूरतों की पूर्ति करने के लिए उधार लेने के अलावा उधार नहीं लेगी, परंतु यह कि योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य के 20% से अधिक का उधार नहीं लिया जाएगा व इस प्रकार की उधारी की अवधि छह माह से अधिक नहीं होगी।

(ख) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को उधार लेने के संदर्भ में निम्न शक्तियाँ प्राप्त हैं

(I) यूटीआई भारत या भारत के बाहर किसी व्यक्ति या प्राधिकरण से जो कि सरकार या रिजर्व बैंक न हो, से उपरोक्त प्रतिभूति के बदले स्वीकार्य नियम व शर्तों पर उधार ले सकता है।

(II) यूटीआई रिजर्व बैंक से उधार ले सकता है।

(क) जहाँ पर न्यासी उस समय लागू कानून द्वारा ट्रस्ट का धन भारत में निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, वहाँ स्टॉक, निधि व प्रतिभूतियो (अचल सम्पत्ति के अलावा) के बदले उधार की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर या एक निश्चित अवधि हेतु या माग पर प्रतिदेय हो,

(ख) केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से उन बांडो की प्रतिभूति के बदले वह उधार ली गयी रकम जो कि मांग या उधार लिए गए दिनाक से अठारह महीनों के भीतर प्रतिदेय है ;

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संदर्भ मे प्रथम यूनिट योजना को छोड़कर अन्य किसी योजना के प्रयोजनार्थ ऐसे किन्हीं निबधनो व शर्तों पर यूटीआई की किसी सम्पत्ति के बदले :

(iii) परतु यह कि इस खड के तहत उधार ली गयी राशि व किसी एक निश्चित समय पर बकाया राशि -

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के सबध मे पाँच करोड़ रूपये से अधिक न हो ; एवं
(ख) इस प्रकार की सभी योजनाओं के सबंध मे कुल मिलाकर दस करोड़ रुपये से अधिक न हो।

(iv) यूटीआई द्वारा धारा 20 के उप खड (ii) के अंतर्गत जारी बांड के मूल राशि की अदायगी की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एव ब्याज का भुगतान बाड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित दर पर किया जाएगा ।

XIII. एनएवी निर्धारण व आस्तियों का मूल्यांकन

1. एनएवी का परिकलन और प्रकटीकरण

(क) योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन उपचयो और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर की जाएगी।

(ख) प्रति यूनिट एनएवी का परिकलन मूल्याकन की तारीख को बकाया और कुल जारी यूनिटों की संख्या से योजना की एनएवी को भाग दे कर किया जाएगा।

(ग) प्रेस को प्रकाशन हेतु एनएवी साप्ताहिक आधार पर (जो कि अगले सोमवार से रविवार तक लागू होगी व मूल्यांकन दिन पिछला बुधवार या समय समय पर निर्धारित दिवस होगा) जारी की जाएगी।

(घ) यदि मूल्याकन दिवस को सार्वजनिक अवकाश या महाराष्ट्र मे कार्य दिवस नहीं होने के कारण स्टॉक एक्सचेंज बंद होता है तो पिछले कार्य दिवस को मूल्यांकन दिवस के रूप मे माना जाएगा।

(ड) ट्रस्ट एनएवी का परिकलन दैनिक आधार पर या समय समय पर निर्धारित किसी अंतराल में कर सकता है । इस प्रकार के परिवर्तन की घोषणा कर दी जाएगी।

(च) एनएवी की सूचना फेक्स ऑन डिमांड व यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया की वेबसाईट पर भी उपलब्ध होगी ।

2. इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन :

(क) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशो, यदि कोई हो, सहित उद्धृत निवेशों परंतु सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर, का मूल्याकन, मूल्याकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर किया जाता है तथा इसके उपलब्ध न होने पर मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि मे नवीनतम उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्याकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है।

(ख) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतिया, मूल्यांकन तिथि को एनएसई/एसजीएल/बीएसई/ओटीसीईआई (जब भी वे सरकारी प्रतिभूतियों का कारोबार शुरु करे) की अंतिम बाजार दरों पर मूल्यांकित की जाती है और इसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन तिथि से पहले 7 दिन की अवधि के अदर उपलब्ध नवीनतम भाव को मूल्यांकन के लिए लिया जाता है। यदि मूल्यांकन की तिथि से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं हो तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां माना जाएगा।

(ग) उद्धृत डिबेंचरों और बॉण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्व, यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(घ) शेयरों की अधिकार पात्रता का मूल्यांकन,लाभांश तत्व हेतु बट्टा काटकर,जहां लागू हो, बाजार दर पर किया जाता है।

(ङ) अनोद्धृत अधिमान शेयर/संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

(च) अनोद्धृत इक्विटी शेयर न्यासी मंडल द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए उचित मूल्यांकन आधार पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(छ) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड, मीयादी ऋण एवं अंतरणीय नोट न्यासी मंडल के मूल्य संबंधी 'मार्कअप' अनुमोदन के साथ भारत सरकार की प्रतिभूतियों पर आय से जुड़े (आय कर्व), परिपक्वता पर प्रतिफल पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(ज) अनोद्धृत वारंट, अंतरनिहित इक्विटी शेयरों के बाजार दर पर, लाभांश तत्व के लिए बट्टा काटकर, यदि कोई हो, तथा देय प्रायोगिक मूल्य से कम करके मूल्यांकित किए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(झ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन प्रचलित ब्याज दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(ट) परिवर्तनीय डिबेचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन संबंधित इक्विटी शेयरों के बाज़ार दर पर, जिनमें लाभांश तत्व, यदि कोई हो, काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डो का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, उपरोक्त (छ) के अनुसार किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(ठ) पूंजी सूचकांकित बॉण्ड लागत पर मूल्यांकित किए जाते हैं।

(ड) **मुद्रा बाजार लिखतों के लिए मूल्यांकन नीति :-**

(i) मुद्रा बाज़ार लिखते एव अन्य निवेश बही मूल्य पर लिए जाते हैं।

(ii) अंतर बैंक कॉल बाज़ार में निवेश की गई राशि लागत पर ली जाती है।

(iii) बटटे /ब्याज उपार्जन लिखतो मे निवेश की गई राशि का मूल्यांकन,उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमे लिखत का सौदा पिछली बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु मूल्यांकन तिथि से पहले वो कार्य दिवसो की अवधि के भीतर उपलब्ध नवीनतम भाव को ध्यान मे लिया जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवसों में कोई भाव उपलब्ध न हो, तो लिखत को लागत एवं अंकित मूल्य और लागत के बीच के अंतर को लिखत के परिपक्व होने के बाकी बच दिनो पर एकसमान रूप से लागू करके मूल्यांकित किया जाता है।

(iv) अनोद्धृत डिबेचरो सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत एवं अंकित मूल्य और लागत के बीच के अंतर को लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर एकसमान रूप से लागू करके किया जाता है।

XIV. लेखा नीतियां

(1) **आय निर्धारण :**

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरो पर लाभाश आय लाभाश रहित तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरो एव अधिमान शेयरो पर लाभाश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशो पर ब्याज एव प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि का निर्धारण भारित औसत लागत के आधार पर कारोबार की तिथियों पर किया जाता है।

(घ) डिबेन्चर/बाण्डों के प्रतिदान पर लाभ या हानि एवं प्रीमियम का निर्धारण देय तिथि पर किया जाता है।

(ङ) जब कोई राशि जिम्मे नहीं आती है तो हामीदारी कमीशन को प्राप्ति आधार पर राजस्व माना जाता है। जिम्मे आई राशि के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन को ऐसे निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(च) शेयरों एवं डिबेन्चरों के निवेश पर आरंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(छ) जीरो कूपन बॉण्डों, शून्य डिस्काऊंट बॉण्डों और अन्य दीर्घावधि बट्टाकृत लिखतों के संबंध में क्रय मूल्य एवं परिपक्वता मूल्य के मध्य अंतर को वाईल्डीएम आधार पर लिखत की शेष अवधि के दौरान आय समझा जाता है।

(ज) अन्य आय को प्राप्ति आधार पर लिया जाता है।

2. **व्यय :**

(क) व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

(ख) अधिनियम की धारा 28(1) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए कुछ सामान्य खर्चों का विनियोजन अन्य योजनाओं में किया जाता है।

(ग) नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए अन्य योजनाओं में अनुमोदित आधार पर पट्टा किराया वसूल करती है।

3. **निवेश :**

(क) निवेशों को लागत पर या अपलिखित लागत पर लिया जाता है।

(ख) द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

(ग) आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

(घ) बोनस/अधिकार पात्रताओं को बोनस रहित/अधिकार रहित तिथियों पर माना जाता है।

(ङ) निवेश अर्थात् डिबेन्चर/बॉण्ड, ऋणों और जमाओं को प्रतिदान/देय तिथि को चालू आस्तियों में अंतरित किया जाता है।

(च) निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल है लेकिन स्टाम्प शुल्क शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

4. **प्रावधान एवं मूल्यह्रास :**

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान

पिछली दो तिमाहियों या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है। लाभांश के संबंध में वर्ष के अंत में प्रावधान किया जाता है, जहां यह लाभांश रहित तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए बकाया रहता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(1) उपरोक्त खंड VIII (2) के अनुसार गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और पारिणामिक ह्रास, यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि/यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि में प्रभारित किए जाते हैं। यदि कुल मूल्य, कुल लागत या पिछले वर्ष के अंत के कुल मूल्य से अधिक हो जाता है तो मूल्य वृद्धि को, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि में उस सीमा तक जोड़ा जाता है जहां तक ह्रास पिछली बार समायोजित किया गया था।

(ii) जहां अनोद्धृत इक्विटी या अधिमान शेयर पिछले वर्षों में अपलिखित किए गए हों, वहां ऐसे निवेशों की लागत को उद्धृत या उचित मूल्य उपलब्ध होते ही उसकी लागत पर पुनरांकित किया जाता है।

(iii) आस्तियां जिन पर ब्याज पिछली दो तिमाहियों या अधिक से बकाया है उन्हें अनुपयोज्य आस्तियो के रूप मे वर्गीकृत किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए प्रावधान अलग-अलग बनाया जाता है (जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है)। ऐसा प्रावधान उसी कंपनी की अन्य उपयोगी आस्तियों के लिए नहीं किया जाता है।

आस्ति के अनुपयोज्य रहने की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत	
	प्रतिभूत आस्ति	अप्रतिभूत आस्ति
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूल पुनर्भुगतान शेष हो

(क) 3 वर्षों तक की अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि की दो तिमाहियों हेतु और

(ख) 3 वर्षों से अधिक अवधि के संतुलित परिपक्वता वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के एक वर्ष हेतु बकाया रहता है, वहां ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान किया जाता है। ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान, उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियों हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि, जो भी अधिक हो, तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है, कोई भी परवर्ती किस्त, संबंधित देय तिथि से 30 दिनों के बाद दी जाती है।

(v) देय बकाया ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा, ब्याज के निधियन के मामले में, उसकी चूक की अवधि के बावजूद प्रावधान किया जाता है।

(vi) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान, यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा, जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(vii) अनुच्छेद 4(क)और 4(ख)(iv) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति या आस्तियों के पुनर्संरचना आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 4(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान प्राप्ति आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं।

5. आय वितरण :

आय वितरण हेतु प्रावधान यूनिट पूंजी पर समय-समय पर न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित दर पर किया जाता है।

6. वित्तीय परिणामों का प्रकाशन :

31 दिसंबर को अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं 30 जून को लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखे को अंतिम रूप देने के चार माह के भीतर मुंबई के एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा। योजना के पोर्टफोलिओ का प्रकटीकरण प्रत्येक कैलेंडर तिमाही मे, तिमाही समाप्त होने के 21 दिन के अंदर एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से किया जाएगा।

7. **समकरण :**

चूंकि यूनिटों की बिक्री/पुनर्खरीद एनएवी आधारित मूल्यो पर की जाती है, अंकित मूल्य पर प्रीमियम/बट्टे को निम्नानुसार प्रमाणित किया जाता है :

(क) वितरण योग्य आय/घाटे के बराबर राशि राजस्व में जमा या प्रभारित की जाती है ।

की पर व्यय वाला भाग कुल व्यय से घटा दिया जाता है ।

(ग) बकाया, यदि कोई हो, यूनिट प्रीमियम रिजर्व/ सामान्य रिजर्व/ राजस्व विनियोजन खाते में जमा/प्रभारित किया जाता है ।

8. नीति परिवर्तन

(क) तथापि खंड X (3) एवं खंड XIII में किसी बात के होते हुए, निवेश नीतियां, एनएवी का निर्धारण और आस्तियों का मूल्यांकन, पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण और एनएवी, पुनर्खरीद मूल्य, पोर्टफोलियो के खुलासे की आवृत्ति समय- समय पर सेबी द्वारा जारी किए गए सेबी (एमएफ) विनियमो/ दिशानिर्देशों/ निर्देशों के अनुसार होंगे ।

(ख) 1 जनवरी, 2001 से, उपरोक्त खंड XIII एवं XIV में निहित, आस्तियो का मूल्यांकन / एनपीए का निर्धारण एवं उनके लिए प्रावधान / लेखा नीतियां, सेबी द्वारा जारी दिनांक 18 सितंबर 2000 के परिपत्र सं. एमएफडी / सीआईआर/8/92/2000 मे दिए गए दिशा निर्देशो के अनुसार होंगी एवं सेबी द्वारा समय - समय पर निर्धारित ऐसे संशोधनो / विनियमो / दिशानिर्देशो, यदि कोई हों, के अधीन होंगी ।

XV. निवेशों का कर - निरूपण

पेशकश दस्तावेज की तिथि को लागू कराधान कानूनों के अनुसार, यूनिटों में निवेश करने वाले निवेशकर्ताओं को योजना के अंतर्गत उपलब्ध कर लाभ निम्नलिखित हैं:

1. आयकर अधिनियम 1961 की धारा 11 के अनुसार धर्मार्थ एवं धर्मादा न्यासों की आय पूर्णत: करमुक्त है बशर्ते उसी वर्ष में न्यास ने आय की न्यूनतम 75% राशि उक्त न्यास के उद्देश्यों के लिए खर्च की हो। दूसरे शब्दों में, बिना कर आकर्षित किए न्यास वर्ष की आय का 25% आगे के वर्षों में धर्मार्थ एवं धार्मिक उद्देश्यो के लिए रख सकते है। यदि वर्ष में इस प्रकार रखी गई राशि उस वर्ष की आय के 25% से अधिक होती है तो ऐसी 'अतिरिक्त' राशि पर आयकर लगेगा। तथापि इस तरह की 'अतिरिक्त' आय यदि आयकर अधिनियम की धारा 11(2) (ख) मे उल्लिखित 'अनुमोदित प्रतिभूतियों' में निवेश की जाती है तो वह कर मुक्त होगी । केंद्र सरकार ने भारतीय यूनिट ट्रस्ट की यूनिटों को अनुमोदित प्रतिभूति घोषित किया है । अत: यदि कोई धर्मार्थ या धर्मादा न्यास अपनी अतिरिक्त राशि का यूनिटों में निवेश करता है तो वह कर छूट के लिए पात्र होगा।

2. आयकर अधिनियम 1961 की धारा 13 के अनुसार, धारा 11 के अंतर्गत कर छूट पाने के लिए पात्रता हेतु शर्तों में से एक शर्त है कि न्यास की निधिया इस प्रयोजन हेतु विनिर्दिष्ट आस्तियों में निवेश की जाएं। अत: कोई भी धर्मार्थ या धर्मादा न्यास कर छूट पात्रता हेतु निधि एवं अतिरिक्त आय दोनों का सीआरटीएस 81 में निवेश कर सकते हैं।

3. भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के अंतर्गत यूनिटें न्यासी प्रतिभूतियों में से एक हैं। ये कंपनि अधिनियम की धारा 20 (ईई) में शामिल हैं।

4. वर्तमान कर कानूनों के अंतर्गत सभी श्रेणी के सदस्यों को यूटीआई की योजनाओं/प्लानों से प्राप्त होने वाली राशि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(33) के अंतर्गत पूर्णत: करमुक्त है ।

5. वर्तमान कर कानूनो के अंतर्गत सभी श्रेणियों के सदस्यो को योजनाओं से प्राप्त होने वाली राशि/आय पर यूटीआई द्वारा स्रोत पर कर कटौती नही की जाती है ।

6. वित्त अधिनियम 2000 के अनुसार, योजना के लिए, उसके द्वारा किए गए आय वितरण पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 आर के अंतर्गत 20% की दर से आय वितरण कर और उस पर 10% अधिभार का भुगतान करना आवश्यक है।

उपरोक्त बताई गई स्थिति निवेशकों को सामान्य सूचना देने मात्र के लिए है। कर परिणामों का वैयक्तिक प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक निवेशक को सूचित किया जाता है कि वह योजना में उनकी भागीदारी से उत्पन्न विशिष्ट कर प्रभावों के लिए अपने कर संबंधी सलाहकार से संपर्क करे।

XVI. सदस्यों के अधिकार एवं सेवाएं

योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित आय, यदि कोई हो, में समानुपातिक अधिकार है।

2. सदस्यो को, बोर्ड से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है, जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा सदस्यो को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।

3. सदस्यो को, आवेदन की स्वीकृति के 6 सप्ताह के अदर ट्रस्ट द्वारा जारी लेखा विवरणी प्राप्त करने का अधिकार है।

4. सदस्यो को अधिकार है कि जिस कार्यालय मे पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसो के भीतर (बशर्ते आवेदन सही हो) पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां उन्हे भेजी जाएं। यदि प्रतिदान राशि के प्रेषण में 10 कार्य दिवसो से अधिक विलब होता है, तो यूटीआई ग्यारहवे दिन से पुनर्खरीद का चेक/ईसीएस के माध्यम से क्रेडिट होने की तारीख तक 15% प्रति वर्ष की दर से (अथवा सेबी द्वारा निर्धारित दर से)ब्याज का भुगतान करेगा।

5. सदस्यो को यह अधिकार है कि आय वितरण की घोषणा / रिकार्ड की तिथि से 42 दिनो के भीतर उन्हे आय वितरण वारंट प्रेषित किए जाएं।

6. सभी सदस्यो को सीआरटीएस 81 के सदर्भ मे एक संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट सबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति की तिथि से छ: माह के भीतर भेजी जाएगी एव निरीक्षण के लिए केद्रीय निवेशक सपर्क कक्ष मे उपलब्ध कराई जाएगी एवं इसकी एक प्रति सदस्यो को उनके अनुरोध पर नाम मात्र शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

7. योजना की मूलभूत विशेषताओ मे किसी तरह का परिवर्तन तभी किया जाएगा जब सदस्यो को बिना किसी निकासी भार के प्रचलित एनएवी पर योजना से बाहर हो जाने की अनुमति दी जाती है और यह भी कि इसके बारे मे सीधे पत्र लिखकर सूचित किया जाता हो तथा उसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाले एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र मे और एक मराठी दैनिक समाचार पत्र मे प्रकाशित किया जाता हो।

8. सदस्य को प्रत्येक छमाही की समाप्ति से एक माह के भीतर योजना के पोर्टफोलियो का एक पूर्ण विवरण भेज दिया जाएगा। यदि प्लान के पोर्टफोलियो का विवरण सपूर्ण भारत मे एक अंग्रेजी दैनिक मे और एक मराठी समाचार पत्र मे प्रकाशित किया जाता है, तो इसे निवेशकर्ताओ को नहीं भी भेजा जा सकता है।

9. निर्दिष्ट परिस्थितियो के अतर्गत सदस्यों का अनुमोदन 'पोस्टल बैलट' के जरिए मागा जाएगा।

10. सदस्यो को केन्द्रीय निवेशक सपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार न 1, सर विटठलदास ठाकरसी मार्ग, मुबई-400 020 मे रखे निम्नलिखित दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है .

* अधिनियम
* विनियम
* अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और सग्रहणकर्ता बकों के साथ किए गए करार, यदि कोई हो
* सीआरटीएस 81 के पेशकश दस्तावेज की प्रति
* सेबी (म्यूचुअल फड) विनियम।

XVII. भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन

यूटीआई की स्थापना

भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के अतर्गत स्थापित साविधिक निगम है जिसका उद्देश्य बचत एव निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभो मे सहभागिता थी। इसने 1 जुलाई, 1964 से कार्य करना आरभ किया।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्य एव व्यवसाय का प्रबधन न्यासी मडल मे निहित है [illegible] द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है।

मडल के अलावा, एक सावििधक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमे अध्यक्ष तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते है। यह समिति मडल की कार्यक्षमता के अतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल *

1.	श्री पी एम सुब्रमन्यम	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	श्री जी पी मुनिअप्पन	कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक
3.	श्री जी पी गुप्ता	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
4.	श्री एन एस सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि.
5.	श्री राजेन्द्र पी चितले	सनंदी लेखाकार
6.	डॉ. विश्वनाथ वी देसाई	अर्थशास्त्री
7.	श्री जी.एन. बाजपई	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
8.	श्री डी टी पई	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सिंडिकेट बैंक
9.	डॉ राकेश मोहन	महा निदेशक, नेशनल काउन्सिल ऑफ एप्लाइड इकॉनामिक रिसर्च

* **न्यासियों के पते और अन्य वर्तमान निदेशिकाएं इस प्रकार हैं :**

1. **श्री पी.एम. सुब्रमन्यम** -
भारतीय यूनिट ट्रस्ट, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, न्यू मरीन लाईन्स, मुंबई 400 020

i) अध्यक्ष एवं निदेशक-इंडिया फंड, (ii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया ऐक्सेस लि., (iv) अध्यक्ष एवं निदेशक - दि इंडिया पब्लिक सेक्टर फंड लि., (v) शासी परिषद के अध्यक्ष - यूटीआई इंस्टिट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट्स, (vi) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सलाहकार सेवा लि., (vii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई निवेशक सेवा लि., (viii) अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज लि., (ix) निदेशक - यूटीआई बैंक लि., (x) अध्यक्ष एवं निदेशक - ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ इंडिया, (xi) सदस्य -भारतीय जीवन बीमा निगम, (xii) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्स्चेज ऑफ इंडिया लि. (xiii) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया आईटी फंड लि. (xiv), अध्यक्ष एवं निदेशक - यूटीआई-आईएएस (मॉरिशस) लि., (xv) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया मीडिया, इंटरनेट एण्ड कम्युनिकेशन फंड लि.। (xvi) अध्यक्ष एवं निदेशक - इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड लि., (xvii)अध्यक्ष - स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.

2. **श्री जी पी मुनिअप्पन -**
भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय भवन, मुंबई 400 023

3. **श्री जी.पी.गुप्ता -**
आईडीबीआई, आईडीबीआई टॉवर्स, कफ परेड, मुंबई - 400005

(i) निदेशक - दि इंडिया फंड, (ii) निदेशक - इंडिया ग्रोथ फंड, (iii) निदेशक-भारतीय मितिकाटा एवं वित्त गृह लि., (iv) निदेशक-भारतीय आयात-निर्यात बैंक, (v) निदेशक-भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम लि , (vi) निदेशक-इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फायनेंस कं. ऑफ इंडिया लि., (vii) निदेशक - इंडियन एयरलाइन्स लि. (viii) निदेशक - आईडीबीआई बैंक लि. (ix) निदेशक - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि., (x) सदस्य - भारतीय जीवन बीमा निगम, (xi) सदस्य - भारतीय साधारण बीमा निगम , (xii) निदेशक - दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निधि, (xiii) अध्यक्ष - दक्षिण एशिया विकास निधि, (xiv) समिति सदस्य-भारतीय बैंकर संस्थान, (xv) सदस्य-बैंकर प्रशिक्षण कॉलेज (आरबीआई), (xvi) सदस्य - एशिया एवं प्रशांत में विकासशील वित्तीय संस्थाओं का संघ (एडीएफआईएपी), (xvii) सदस्य-बैंकिंग कर्मचारी चयन , (xviii) सदस्य-भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, (xix) निदेशक - इरिडियम एलएलसी, यूएसए, (xx) सदस्य, दिल्ली विश्वविद्यालय (फैकल्टी ऑफ मेनेजमेंट स्टडीज), (xxi) प्रेसिडेंट - एंटरप्रेनियरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, अहमदाबाद ।

4. **श्री एन.एस. सेखसरिया -**
गुजरात अम्बुज़ा सीमेंट्स लि., मेकर चैम्बर्स III, नरीमन प्वाइंट, मुंबई 400005

(i) उपाध्यक्ष - दि एसोसिएटेड सीमेंट कंपनीज लि. (ii) निदेशक - राधा माधव इन्वेस्टमेंट लि. (iii) निदेशक - अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन (iv) निदेशक - अबुजा शैक्षणिक संस्थान।

5. **श्री राजेन्द्र पी. चितले -**
मे. एम पी चितले एण्ड कं., हमाम हाउस, 1ली मंजिल, अंबालाल दोशी मार्ग, फोर्ट, मुंबई ।

(i) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (ii) निदेशक - नेशनल सिक्यूरिटीज़ क्लीयरिंग कार्पोरेशन लि. (iii) निदेशक - एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि. (iv) निदेशक - ज्यूरिच असेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) लि. (v) निदेशक - नट4नट्स लिमिटेड (vi) सदस्य - राष्ट्रीय शेयर बाजार की कार्यकारी समिति (शासी मंडल) (vii) सदस्य - इंडिया एडवाइजरी बोर्ड ऑफ बैंक ऑफ अमेरिका एनटी एवं एसए (viii) सदस्य - निवेश समिति, भारतीय जीवन बीमा निगम।

6. **डॉ वी. वी. देसाई -**
नीट हाउस, कॉलेज लेन, दादर, मुंबई

(i)सलाहकार - आईसीआईसीआई लिमिटेड।

7. **श्री जी. एन. बाजपई**
भारतीय जीवन बीमा निगम, 'योगक्षेम', जीवन बीमा मार्ग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई 400021

8. **श्री डी टी पई**
सिंडिकेट बैंक, मणिपाल 576 119

9. **डॉ. राकेश मोहन -**
नेशनल काउन्सिल ऑफ एप्लाइड इकॉनॉमिक रिसर्च, परिसिला भवन, 11 इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली 110 002

(i) अध्यक्ष- रेलवे विशेषज्ञ समूह, (ii) सदस्य - प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, (iii) सदस्य - राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मंडल, (iv) अंशकालिक सदस्य - टेलिकाम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया, (v) सदस्य - राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग, (vi) सदस्य - कमिटी ऑन कंपिटीशन लॉ एण्ड एमआरटीपी एक्ट, (vii) सदस्य - बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, इंस्टिट्यूट ऑफ इकानॉमिक ग्रोथ, नई दिल्ली, (viii) सदस्य - लोकल एडवाइजरी बोर्ड, ड्रेसनर बैंक, (ix) मानद विजिटिंग प्रोफेसर - इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली (x) निदेशक - इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कार्पोरेशन, चेन्नई, (xi) सदस्य - न्यासी मंडल, आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान फाउंडेशन, तंजानिया, (xii) निदेशक - भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक , लखनऊ, (xiii) सदस्य सचिव - लघु उद्योग पर विशेषज्ञ समिति, उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, 1996, (xiv) सदस्य - टैरिफ अथॉरिटी फॉर मेजर पोर्ट्स, भूतल परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार, (xv) अध्यक्ष - राष्ट्रीय लेखा हेतु सलाहकार समिति, सांख्यिकीय विभाग, भारत सरकार, (xvi) सदस्य - सार्वजनिक उद्यम विभाग, राजस्थान सरकार।

निधि का प्रबंधन -
सुश्री स्वाति कुलकर्णी, प्रबंधक, योजना की निधि प्रबंधक होंगी।

शैक्षणिक योग्यता :
बी. कॉम. एम.एफ.एम.(नरसी मोनजी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज), सीएआईआईबी ।

अनुभव :

वर्तमान में ट्रस्ट के निधि प्रबंधन विभाग में कार्यरत हैं जो कि घरेलू ऋण उन्मुख/संतुलित योजनाओं के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है। यूटीआई में उनका कार्य अनुभव निम्नानुसार है :

पद	विभाग	अवधि	जिम्मेदारियां
प्रबंधक	निधि प्रबंधन विभाग	मई, 1998 से आज की तारीख तक	निधि प्रबंधन
प्रबंधक	अनुसंधान एवं आयोजना विभाग	सितंबर, 1997 से अप्रैल, 1998 तक	निधि निष्पादन विश्लेषण, म्यूचुअल फंड उद्योग विश्लेषण, बाजार अनुसंधान ।
सहायक प्रबंधक	अनुसंधान एवं आयोजना विभाग	मार्च, 1992 से अगस्त, 1997	निधि निष्पादन विश्लेषण, म्यूचुअल फंड उद्योग विश्लेषण, बाजार अनुसंधान ।

इसके अलावा जनवरी, 1991 से मार्च, 1992 तक एक विशाखीकृत कोंग्लोमेरेट कं. के वित्तीय नियोजन कक्ष में कार्य किया ।

XVIII. योजना के लिए अन्य सेवाएं देने वाले

1. अभिरक्षक

(क) भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई - 400 021 में स्थित है।

(ख) अभिरक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे ट्रस्ट की योजनाओं/फ़ंडों/प्लानों की सभी प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लें और उन्हें अपनी अभिरक्षा में रखें। अभिरक्षक प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करेंगे। जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा।

(ग) अभिरक्षक सभी सूचनाएं रिपोर्टें अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/फ़ंडों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे।

(घ) भारतीय स्टॉक धारिता निगम लि. (एसएचसीआईएल) का सेबी रजिस्ट्रेशन नंबर आईएन/सीयूएस/011 है।

(ड.) एसएचसीआईएल शुल्क की दर इस प्रकार है :

	इलेक्ट्रॉनिक	कागज़ी
डीमैटिरियलाइजेशन	रु. 5 प्रति प्रमाणपत्र	-
खरीद	कारोबार मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	प्रति डीआईपी रु. 100
बिक्री	कारोबार मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	प्रति डीआईएस रु. 100
अभिरक्षा	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 1.5 आधार बिंदु	अभिरक्षा में आस्ति मूल्य पर 8 आधार बिंदु
गैर बाजार खरीद	कारोबार मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	-
गैर बाजार बिक्री	कारोबार मूल्य पर 5.5 आधार बिंदु	-
रीमैटिरियलाइजेशन	प्रति प्रमाणपत्र 15 रुपए अथवा परिवर्तन मूल्य के 15 आधार बिंदु, जो भी अधिक हो।	-

2. लेखा परीक्षक

मेसर्स चतुर्वेदी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, 60 बेंटिक स्ट्रीट, कलकत्ता 700 069 एवं मेसर्स बाटलीबॉय एण्ड पुरोहित, सनदी लेखाकार , नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, 204, डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 । योजना के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति आईडीबीआई द्वारा की जाती है और वे प्रत्येक वर्ष बदले जाने के अधीन हैं।

3. रजिस्ट्रार

(क) यूटीआई आईएसएल लि. जिसका सेबी रजिस्ट्रेशन सं. आईएनआर 000000121 है, को रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया है।

(ख) यह सुनिश्चित किया गया है कि रजिस्ट्रारों के पास उपयुक्त क्षमता हो कि वे निर्धारित समय के अंदर आवेदनों एवं पुनर्खरीद निवेदनों की प्रोसेसिंग, लेखा विवरणी एवं आय वितरण वारंटों का प्रेषण कर सकें एवं साथ ही निवेशकों की शिकायतों का निपटान भी कर सकें ।

(ग) आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात सेवाएं रजिस्ट्रारों के निम्नलिखित पतों से प्रदान की जाएंगी :

पश्चिमी अंचल - प्लॉट सं. 369, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059.

पूर्वी अंचल : बॉम्बे म्यूचुअल बिल्डिंग, 4 थी मंजिल, 9, बीटीएम सरणी, ब्रेबोर्न रोड, इंडिया टी बोर्ड के सामने, डलहौजी स्क्वेयर, कलकत्ता 700001.

दक्षिणी अंचल : 45, जस्टिस बशीर अहमद सैय्यद बिल्डिंग, दूसरी लाइन बीच, चेन्नई 600 001.

उत्तरी अंचल (उत्तर प्रदेश को छोड़कर): 174/175, 1 ली मंजिल, राजेंद्र भवन, (डीडीए भवन), राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली 110008.

लखनऊ (केवल उत्तर प्रदेश राज्य के लिए) : शॉप नं. 8 एवं 9, 2 री मंजिल, सरन चैम्बर्स II, नं. 5, पार्क रोड, लखनऊ 226001.

4. संग्रहणकर्ता एवं भुगतानकर्ता बैंक:

(क) वर्तमान में यूटीआई बैंक लि. को संग्रहणकर्ता बैंक के रूप में नियुक्त किया गया है। ट्रस्ट भविष्य में ऐसे बैंकों (जो सेबी द्वारा पंजीकृत हो) को संग्रहणकर्ता बैंक के रूप में नियुक्त/निकाल सकता है।

(ख) वर्तमान में यूटीआई बैंक लि., स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाएं, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इलाहाबाद बैंक भुगतानकर्ता बैंक के रूप में कार्य करेंगे। ट्रस्ट भविष्य में इन्हीं बैंकों को अथवा/या अन्य कोई बैंकों को, जो सेबी के साथ पंजीकृत है, भुगतानकर्ता बैंक के रूप में नियुक्त करेगा।

बैंकों के मुख्य व्यापार के पते :

1. यूटीआई बैंक लि.
   (आईएनबी100000017)
   सेंट्रल ऑफिस, मेकर टॉवर्स "एफ", 13वीं मंजिल, कफ परेड, मुंबई- 400005

2. भारतीय स्टेट बैंक
   (आईएनबी100000038)
   सेंट्रल ऑफिस, मादाम कामा रोड, पो.बॉ. सं.10003, मुंबई 400 021

3. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
   (आईएनबी100000012)
   चंद्रमुखी, नरीमन प्वाइंट, मुंबई 400021

4. इलाहाबाद बैंक
   (आईएनबी10000067)
   2, नेताजी सुभाष रोड, कलकत्ता - 700 001

XIX. निवेशकों की शिकायतों का निवारण

1. सभी निवेशक अपनी शिकायतें निवेश संबंधी पूर्ण विवरण देते हुए संबंधित निवेशक संपर्क कक्ष को निम्नलिखित पते पर भेज सकते है:

पश्चिमी अंचल:
सुश्री तन्वी उपाध्ये/
